कार्तिक कृष्ण पक्ष एकादशी संवत् 2082 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-09, अंक - 112 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
26 अक्टूबर 2025 रविवार

आज का मौसम
24 अधिकतम
18 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



Page-7

## न्यूज विंडो

### जापान में भूकंप के जोरदार झटके, 5.9 रही तीव्रता, घरों से बाहर निकले लोग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जापान में भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके उत्तरी जापान के पूर्वी होक्काइडो में महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता रिक्टल पैमाने पर 5.9 रही। हालांकि, हालांकि, भूकंप से अभी तक किसी भी जानमाल की हानि की खबर नहीं मिली है।जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप का केंद्र नेमुरो प्रायद्वीप के दक्षिण-पूर्व में लगभग 40 किलोमीटर की गहराई पर था। भूकंप के कारण कुछ लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। भूकंप में किसी के हताहत होने की या किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है। अधिकारियों ने यह भी पुष्टि की है कि सुनामी का कोई खतरा नहीं है।

### रांची से दिल्ली जा रही पूजा स्पेशल ट्रेन में बम की सूचना से मचा हड़कंप

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के रांची से दिल्ली जा रही पूजा स्पेशल ट्रेन में बम होने की सूचना से रेलवे के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। ट्रेन को उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ स्टेशन पर रोककर उसकी जांच की गई। हालांकि जांच में कोई बम या संदेहजनक सामान नहीं मिला। जिसके बाद ट्रेन को दिल्ली के आनंद विहार के लिए रवाना किया गया।जानकारी के अनुसार, रेलवे अधिकारियों को शनिवार देर रात सूचना मिली कि रांची से आनंद विहार जा रही पूजा स्पेशल ट्रेन 02877 में बम है। सूचना पर रेलवे प्रशासन तत्काल रूप से सक्रिय हो गया। ट्रेन का अलीगढ़ में स्टॉपेज नहीं होने का बावजूद उसे वहां रोककर चेकिंग की गई।

### लारेंस बिश्नोई ने दी सिंगर हंसराज रघुवंशी को जाने से मारने की धमकी

**मोहाली, एजेंसी।** प्रसिद्ध भजन गायक हंसराज रघुवंशी को जान से मारने की धमकी और 15 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। खुद को कुख्यात गैंग्सटर लारेंस बिश्नोई का गुर्गा बताने वाले एक व्यक्ति ने गायक और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।गायक के निजी सुरक्षा गार्ड विजय कटारिया की शिकायत पर जीरकपुर पुलिस ने मध्य प्रदेश के उज्जैन निवासी राहुल कुमार नागड़े के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। शिकायत के अनुसार, राहुल कुमार नागड़े की हंसराज रघुवंशी से पहली मुलाकात वर्ष 2021-22 में उज्जैन के श्री महाकाल मंदिर में हुई थी। उसने खुद को गायक का प्रशंसक बताते हुए उनसे नजदीकी संबंध बना लिए थे।



### गैंगस्टर सुनील सरधानिया गिरफ्तार ज्यूरिख से डिपोर्ट कर लाया गया भारत

**गुरुग्राम, एजेंसी।** हरियाणवी गायक राहुल फाजिलपुरिया पर फायरिंग और उसके दोस्त प्रापर्टी डीलर रोहित शौकीन की हत्या के मामले में मुख्य आरोपी गैंग्स्टर सुनील सरधानिया को स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख से डिपोर्ट कर भारत लाया गया है। गुरुग्राम पुलिस की स्पेशल टीम ने विदेश में इस गिरफ्तारी को अंजाम दिया और रविवार सुबह उसे डिपोर्ट कर दिल्ली एयरपोर्ट लेकर आई। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद दोपहर में गैंग्स्टर को कोर्ट में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। बताया जाता है कि सुनील सरधानिया मूल रूप से रोहतक का रहने वाला है और कई साल पहले विदेश भाग गया था।

### अभिनेता विजय की रैली में भगदड़ की जांच सीबीआई करेगी

तमिलनाडु के करूर जिले में अभिनेता-राजनेता विजय के रैली के दौरान हुई भयावह भगदड़ की जांच अब केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अपने हाथ में ले ली है। इस हादसे में 41 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। अधिकारियों के अनुसार, सीबीआई की विशेष टीम पहले ही करूर के वेलुसामीपुरम में स्थित हादसे की जगह का दौरा कर चुकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद राज्य पुलिस की एफआईआर को सीबीआई ने फिर से दर्ज किया है और स्थानीय अदालत को इसकी जानकारी दी गई है।



## खेतों में रखी फसल बही, सीजन का सबसे घना कोहरा

# भोपाल सहित आधे प्रदेश में बारिश अगले दो दिनों के लिए अलर्ट

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

प्रदेश में मौसम ने एक बार फिर करवट ली है। बंगाल की खाड़ी में बने डिप्रेशन (अवदाब) के सक्रिय होने से प्रदेश में बारिश का नया दौर शुरू हो गया है। भोपाल में बीती रात से ही रिमझिम बारिश का दौर शुरू हुआ जो अभी भी जारी है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले दो दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। बादल छंटने के बाद सर्दी का दौर शुरू होगा। धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर में अगले दो दिन तक भारी बारिश की संभावना जताई गई है। वहीं, इंदौर और उज्जैन सहित 24 जिलों में बादल छाए रहने और हल्की बारिश के आसार हैं। शाजापुर के अकोदिया और पांढुर्णा में तो सड़कों पर पानी बहने लगा। भोपाल में घने बादलों और धुंध के कारण विजिबिलिटी घटी, जो इस सीजन की पहली बड़ी धुंध मानी जा रही है। किसानों के लिए बारिश मुसीबत बनकर आई। श्योपुर में खेतों में रखा धान बह गया।

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, अगले 24 घंटों में इंदौर संभाग के धार, बड़वानी, झाबुआ और अलीराजपुर जिलों में ढाई से साढ़े चार इंच तक वर्षा दर्ज की जा सकती है। इसके अलावा इंदौर, उज्जैन, रतलाम, आगर-मालवा, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, देवास, सीहोर, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला और बालाघाट में हल्की बारिश व गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग ने 27 से 29 अक्टूबर तक प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, गरज-चमक और आंधी का अलर्ट जारी किया है। इसका सबसे अधिक असर भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और जबलपुर संभागों में देखने को मिलेगा।

### हो चुकी है मानसून की हैप्पी एंडिंग

इस वर्ष मध्यप्रदेश में मानसून ने शानदार प्रदर्शन किया। भोपाल और ग्वालियर समेत 30 जिलों में सामान्य से अधिक बारिश हुई। सबसे अधिक वर्षा गुना जिले में 65.7 इंच दर्ज की गई, जबकि श्योपुर में सामान्य से 216 अधिक पानी बरसा। वहीं शाजापुर जिला बारिश की कमी से जूझता रहा, जहां सीजन में सिर्फ 28.9 इंच (81.1) वर्षा हुई। प्रदेश में औसतन 106 बारिश का अनुमान था, लेकिन इस बार 15 अधिक वर्षा दर्ज की गई। ग्वालियर-चंबल संभाग में तो सामान्य से दोगुनी बारिश हुई, जिससे पेयजल और सिंचाई दोनों के लिए पर्याप्त जल भंडारण सुनिश्चित हुआ है।

### तापमान में हो रहा उतार-चढ़ाव

पिछले कुछ दिनों में प्रदेशभर में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी। कई इलाकों में रात का तापमान 15 डिग्री तक पहुंच गया था। शनिवार को हुई बारिश के बाद दिन का तापमान फिर से नीचे आया है। मौसम वैज्ञानिकों का अनुमान है कि बारिश रुकने के बाद रात के तापमान में और गिरावट दर्ज की जा सकती है।

### मानसून विदा, लेकिन बरसात कायम

हालांकि प्रदेश से मानसून औपचारिक रूप से विदा हो चुका है। इस साल मानसून 16 जून को सक्रिय हुआ था और 13 अक्टूबर को विदाई ली, यानी लगभग चार महीने तक सक्रिय रहा। फिर भी अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में बारिश का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि यह बारिश मानसूनी अवशेषों और बंगाल की खाड़ी के नए सिस्टम के कारण हो रही है।

## पैडल टू प्लांट को हरी झंडी



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री निवास परिसर से पूर्व अंतर्राष्ट्रीय पर्वतारोही अंजना यादव को पैडल टू प्लांट कार्यक्रम- नया भारत हरा भारत यात्रा के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### सीएम बोले- देश में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज पीएम मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम को सुनकर कहा कि जीएसटी बचत उत्सव से इस बार स्वदेशी वस्तुओं की खरीद में भारी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश में सकारात्मक ऊर्जा की धारा का प्रवाह प्रारंभ किया है।

### ट्रंप बोले- हमने नामुमकिन को मुमकिन किया

# थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुआ शांति समझौता

**कुआलालंपुर, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आसियान समिट में शामिल होने के लिए मलेशिया पहुंचे हैं। उन्होंने आज सुबह यहां थाईलैंड और कंबोडिया के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर कराए। इस दौरान ट्रम्प ने कहा कि हमने कुछ ऐसा किया है, जिसे लोग नामुमकिन कह रहे थे। इससे पहले ट्रंप आज कुआलालंपुर पहुंचे। यहां मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम ने रेड कार्पेट पर उनका स्वागत किया। ट्रम्प 2017 के द पहली बार इस सम्मेलन में शामिल होंगे। वे आज मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे।




जुलाई में सीमा विवाद पर थाइलैंड और कंबोडिया के बीच 5 दिनों तक लड़ाई चली थी, जिसमें 48 लोग मारे गए थे। ट्रम्प का दावा था कि उन्होंने फोन करके इसे रुकवाया था।

### आसियान समिट में वर्चुअली जुड़ेंगे मोदी

कुआलालंपुर में आज से आसियान समिट की शुरुआत होगी। यह समिट दक्षिण-पूर्व एशिया के 10 देशों का बड़ा मंच है, जहां व्यापार, सुरक्षा, शिक्षा और संस्कृति जैसे मुद्दों पर बात होगी। इस साल के आसियान समिट की थीम इनक्लूसिविटी एंड सस्टेनेबिलिटी है।



भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर इस समिट में हिस्सा लेंगे।

पहले माना जा रहा था कि कुआलालंपुर में होने जा रही आसियान समिट में प्रधानमंत्री मोदी भी हिस्सा लेंगे लेकिन अचानक यह कार्यक्रम बदल गया। अब मोदी इस समिट में वर्चुअल तरीके से शामिल होंगे। माना जा रहा है कि वर्तमान हालात की वजह से भारत नहीं चाहता था कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और पीएम मोदी की मुलाकात हो। इसलिए यह निर्णय लिया गया। उधर कुआलालंपुर में थाईलैंड और कंबोडिया के बीच हुए शांति समझौते का ट्रंप ने पूरा श्रेय लिया, और कहा कि जिसे लोग नामुमकिन समझ रहे थे, उसे हमने कर दिखाया।

### राज्यसभा चुनाव में क्रास वोटिंग से खींचतान चरम पर

# उमर बोले-ये हमारा खाते रहे और वोट बीजेपी को दे आए

**श्रीनगर, एजेंसी**



राज्यसभा चुनाव में भाजपा की गुगली में फंसे नेशनल कांफ्रेंस और उसके सहयोगी दलों में आपसी खींचतान चरम पर पहुंच गई है। तमाम सियासी मतभेद भुलाकर भाजपा को रोकने के नाम पर साथ आए ये दल सात वोट खिसक जाने के बाद अब आपस में लड़ते दिख रहे हैं।

मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तो यहां तक कह दिया कि यह खाते हमारा रहे और वोट भाजपा को दे आए। राजनीतिक पंडित उनका इशारा निर्दलीयों की ओर बता रहे हैं। वहीं कुछ स्वतंत्र विधायकों ने सामने आकर कहा कि उन पर संदेह न करें, जांच कराएं। यहां बता दें कि शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा के चार सदस्यों के लिए हुए चुनाव से पूर्व नेकां ने सभी निर्दलीय और तमाम छोटे दलों को साथ लेकर 59 विधायकों का समर्थन जुटा चारों सीटें जीतने का दावा किया था।

### विधानसभा में 28 विधायक भाजपा के

88 सदस्यों वाले सदन में भाजपा के 28 विधायक हैं। पर चुनाव में भाजपा के पक्ष में क्रॉस वोटिंग हुई और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सत शर्मा को 32 वोट मिले। इतना ही नहीं तीन विधायकों के तीन अमान्य पाए गए। नतीजा हुआ कि चारों सीटें जीतने का सपना देख रही नेकां को तीन पर संतोष करना पड़ा। चौथी सीट भाजपा के खाते में गई। इस चुनाव में कुल 87 वोट पड़े थे।

## आज का कार्टून




## संडे एंकर

### 'ग्रीन डे' नाम से शुरू हुई पहल... किसानों और ग्राहकों के लिए बनी फायदेमंद

# आईआईएम से पढ़ाई के बाद छोड़ दी कॉर्पोरेट की नौकरी, खेती के नए तरीके बताकर करोड़ों की कमाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कुछ साल पहले तक किसान सुखविंदर सिंह ने बायोफोर्टिफाइड सीड्स के बारे में कभी सुना भी नहीं था। ये वो बीज होते हैं जिन्हें खास पोषक तत्वों जैसे आयरन और जिंक की मात्रा बढ़ाने के लिए तैयार किया जाता है। सुखविंदर सिंह अब इन बीजों का इस्तेमाल करके अपनी 5.5 एकड़ जमीन पर गेहूं उगा रहे हैं और काफी खुश हैं।

इसके पीछे कारनामा लखनऊ के ऐश्वर्या भटनागर और प्रतीक रस्तोगी का है। यह कपल ग्रीनडे नाम से एक पहल चला रहा है। यह पहल किसानों और ग्राहकों दोनों के लिए फायदेमंद है। वे खेती के नए तरीके और ऐसे बीज बढ़ावा दे रहे हैं जिनमें पोषक तत्व ज्यादा हों। इसके जरिए यह कपल



(ऐश्वर्या भटनागर और प्रतीक रस्तोगी) करीब 10 करोड़ रुपए सामाना कमा रहे हैं।

### केमिकल से नुकसान

49 साल के सुखविंदर सिंह ने बायोफोर्टिफाइड सीड्स अपनाने का फैसला इसलिए किया क्योंकि वे केमिकल फर्टिलाइजर के बढ़ते इस्तेमाल से चिंतित थे। उनका मानना था कि ये केमिकल फर्टिलाइजर न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि खाने वालों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक हैं। इसलिए उन्होंने जिंक से भरपूर बायोफोर्टिफाइड सीड्स में निवेश करने का सोचा।

### विकसित राज्यों में न जाकर युवा दंपति ने अपने गृह राज्य उत्तरप्रदेश को चुना

साल 2016 में आईआईएम अहमदाबाद से पढ़ाई और एंटरप्रेन्योरशिप ट्रेनिंग पूरी करने के बाद प्रतीक को अपने गृह राज्य में कृषि क्षेत्र को बेहतर बनाने की तीव्र इच्छा हुई। उन्हें सलाह दी गई थी कि वे बिजनेस में आसानी के लिए महाराष्ट्र और गुजरात जैसे ज्यादा विकसित राज्यों में जाएं, लेकिन उन्होंने मध्य और पूर्वी उत्तर प्रदेश पर ध्यान केंद्रित करने का फैसला किया। कॉर्पोरेट जगत में एक साल काम करने के बाद, उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी और अपनी पत्नी ऐश्वर्या के साथ अपने पैतृक गांव सीतापुर चले गए। ऐश्वर्या, आईएचएम बॉम्बे की छात्रा रह चुकी हैं और उन्होंने फूड साइंसेज और न्यूट्रिशन की पढ़ाई की है। यह कपल एक एग्री-वेयरहाउस में रहने लगा। यहीं पर उन्होंने किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों को करीब से समझा। कपल की कंपनी ग्रीनडेकी शुरुआत जनवरी 2020 में हुई। कपल लक्ष्य सिस्टम में इनोवेशन लाना और फसल पोषण को बढ़ाना था।

## भोपाल में बड़े हादसे का खतरा...बायपास की दीवार में क्रेक

# 300 मीटर हिस्से से गुजरना खतरनाक बैठ रही मिट्टी, इससे जुड़ा है रेलवे ब्रिज भी

**डेढ़ सौ से ज्यादा डंपर मिट्टी डालने के बाद भी न गड्ढा भरा, न सड़क बनी, उल्टा रिटेनिंग वॉल और स्लोप दोनों ही टूटे**

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल बायपास के रेलवे ओवरब्रिज पर बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा है। दस दिन पहले जहां 100 मीटर सड़क धंसकर 20 फीट गहरा गड्ढा बन गया था, वहीं 300 मीटर अर्थ वॉल और पुल की संरचना दरारों से जर्जर है। पड़ताल में खुलासा हुआ है कि डेढ़ सौ से ज्यादा डंपर मिट्टी डालने के बाद भी न गड्ढा भरा, न सड़क बनी। उल्टा रिटेनिंग वॉल और स्लोप दोनों टूट चुके हैं। मध्य प्रदेश सड़क विकास निगम के अफसर खुद मान रहे हैं कि अब पूरा हिस्सा ही खतरनाक है। जनरल मैनेजर सोनल सिन्हा ने कहा- अब जो भी काम करेंगे, वह पूरे हिस्से में ही होगा।

### पहला खतरा- ब्रिज और वॉल में गैप

भोपाल बायपास पर कल्याणपुर के पास रेलवे का ब्रिज गुजरा है। यह ब्रिज रेलवे ने बनाया है, जबकि इसके दोनों ओर करीब 400-400 मीटर लंबी रेनफोर्स्ड अर्थ वॉल एमपीआरडीसी ने साल 2013 में तैयार की थी। इसी अर्थ वॉल के कल्याणपुर की तरफ का 100 मीटर लंबा हिस्सा धंस गया था। अब ब्रिज और वॉल को जोड़ने वाले पिलर में भी गैप आ गया है। पिलर तिरछा हो गया है। ऐसे में यह हिस्सा भी धंस सकता है।

### दूसरा खतरा- रिटेनिंग वॉल टूटने लगी

जिस तरफ से 100 मीटर हिस्सा धंसा था, उसकी रिटेनिंग वॉल भी टूटने लगी है। यह रिटेनिंग वॉल रेलवे ब्रिज के पास में ही है।

### तीसरा खतरा- स्लोप में दरारें

धंसे हिस्से के पास स्लोप के बाकी हिस्से में भी मिट्टी बैठ रही है। इस वजह से स्लोप पर दरारें आ गई हैं। यदि जर्जर हिस्से को ठीक कर भी दिया जाता है तो भविष्य में भारी वाहनों के दबाव में बाकी की रिटेनिंग वॉल भी धंस सकती है।





### 55 किमी की आधी सड़क पर गड्ढे, जीएम बोलीं- रिपेयर होंगे

भोपाल बायपास बीओटी यानी, बिल्ट ऑपरेट और ट्रांसफर मॉडल पर बना था। आंध्र प्रदेश की कंपनी ट्रॉन्सट्राय प्राइवेट लिमिटेड ने इसे साल 2013 में बनाया था। इसकी कुल लंबाई करीब 55 किलोमीटर है। इसके एवज में कंपनी को 305 करोड़ रुपए मिले। 12 साल में कुल 650 करोड़ रुपए की टोल वसूली भी हो गई। एक्सपर्ट के अनुसार, कंपनी ने रेनफोर्स्ड अर्थ वॉल (आरई वॉल) को तकनीकी मानकों के अनुसार नहीं बनाया। इस वजह से नीचे पानी भर रहा था। वहीं, 5 से 6 साल बीत जाने के बावजूद मेंटेनेंस भी नहीं हुआ। एमपीआरडीसी के अफसरों का कहना है कि अनुबंध की शर्तों के अनुसार कंपनी ने समय पर प्रोजेक्ट पूरा नहीं किया। इस वजह से 2020 में कॉन्ट्रेक्ट रद्द कर दिया गया था। इससे पहले भी 2017 में कंपनी ब्लैकलिस्ट की गई थी। इसके बावजूद अफसरों ने ध्यान नहीं दिया।

### एनएचएआई रद्द कर चुका इसी कंपनी का ठेका

आंध्र प्रदेश की कंपनी ट्रॉन्सट्राय प्राइवेट लिमिटेड का ही ठेका नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) निरस्त कर चुका है। भोपाल-ब्यावरा फोरलेन पर सिंगारचोली रेलवे ओवरब्रिज का प्रोजेक्ट 776 करोड़ रुपए का था। इसके लिए 2012 में एग्रीमेंट हुआ था। तय समय पर काम पूरा नहीं हुआ, तो राज्य सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर कंपनी को ब्लैकलिस्ट करने की सिफारिश की थी। औबेदुल्लागंज-बैतूल प्रोजेक्ट 2011 में 912 करोड़ रुपए की लागत से शुरू हुआ था। कंपनी ने अगस्त 2016 तक सिर्फ 1.34त्न काम किया। इसके बाद एनएचएआई ने 13 अक्टूबर 2016 को अनुबंध रद्द करने की प्रक्रिया शुरू की थी।

### एमपीआरडीसी मान चुका- मिट्टी की गुणवत्ता ठीक नहीं थी

सड़क धंसने के बाद एमपीआरडीसी के अफसरों ने मिट्टी की गुणवत्ता ठीक नहीं होने की बात कही थी। साथ ही किसानों पर पूरा ठीकरा फोड़ दिया था। अफसरों का कहना था कि किसानों के खेतों में पानी की निकासी सही नहीं होने की वजह से जलभराव हो गया और मिट्टी खिसक गई थी इस मामले में तीन वरिष्ठ तकनीकी अधिकारियों की जांच कमेटी भी बनाई गई थी। इस टीम को 7 दिन में अपनी रिपोर्ट देनी थी, लेकिन शुक्रवार तक यह नहीं दी गई। प्रोजेक्ट की शुरुआत नवंबर 2010 में हुई थी, जो अनुबंध के तहत वर्ष 2012-13 में पूरी की गई थी। अनुबंधानुसार इसकी अवधि 15 वर्ष निर्धारित थी, किंतु साल 2020 में निवेशकर्ता द्वारा अनुबंध की शर्तों का पालन न करने के कारण अनुबंध निरस्त कर दिया गया। इसके चलते कंपनी को तीन साल के लिए ब्लैक लिस्टेड कर दिया गया था।

## रेलवे कॉलोनी में मंदिर तोड़ने पर बवाल

# कंपनी ने दी सफाई, कहा- आज से शुरू होगा मंदिर का पुनर्निर्माण



**भोपाल।** पश्चिम रेलवे कॉलोनी स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर के पीछे बने प्राचीन शिव मंदिर को शुक्रवार देर रात जेसीबी से तोड़े जाने के बाद शनिवार को इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। मंदिर टूटने की जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। संगठनों ने इसे हिंदू आस्था पर हमला बताते हुए रेलवे और ठेकेदार कंपनी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, यह शिव मंदिर रेलवे कॉलोनी के अंतर्गत कई वर्षों से स्थापित था। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुक्रवार रात 24 अक्टूबर को रेलवे अधिकारियों और समदरिया ग्रुप के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में जेसीबी से मंदिर ढहा दिया गया।

श्रद्धालुओं का आरोप है कि न तो किसी को सूचना दी गई, न ही कोई नोटिस जारी किया गया। रातों-रात मंदिर तोड़े जाने से मूर्तियां खंडित हो गईं, जिन्हें कचरे की तरह फेंक दिया गया। इससे स्थानीय हिंदू समुदाय में गहरा आक्रोश फैल गया। घटना के बाद विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की ओर से जीआरपी थाना प्रभारी, भोपाल को लिखित शिकायत सौंपी गई है। पत्र में कहा गया है कि शिव मंदिर तोड़े जाने से हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंची है।

संगठनों ने मांग की है कि मंदिर तोड़ने में शामिल अधिकारियों और कंपनी के जिम्मेदारों पर सख्त कार्रवाई की जाए और जेसीबी मशीन को जब्त किया जाए। साथ ही मंदिर को पूर्व स्थिति में पुनः निर्मित करने की मांग भी की गई है। इधर, समदरिया बिल्डर्स (भोपाल) प्राइवेट लिमिटेड ने भी एक पत्र जारी कर हिंदू संगठनों और समाज से माफी मांगी है।

## भोपाल के डैम में मिली लापता सॉफ्टेवयर इंजीनियर की लाश

**भोपाल।** भोपाल की रातीबड़ पुलिस ने केरवा डैम से सॉफ्टवेयर इंजीनियर के शव को बरामद किया है। वह एक दिन पहले कोलार के एक होटल से लापता हो गया था। इससे पहले उसने ग्वालियर में रहने वाले भाई को मैसेज कर बताया कि मैं सुसाइड करने जा रहा हूं। उसने अपने भोपाल में होने की जानकारी भी भाई को दी थी। शनिवार की दोपहर को रातीबड़ पुलिस ने एक बॉडी को पानी से बरामद किया। जिसकी सूचना शहर के तमाम थानों को दी। इस सूचना के बाद कोलार पुलिस ने बॉडी की पहचान उसके भाई से कराई। पुलिस के मुताबिक हर्ष तिवारी (24) ग्वालियर लशकर का रहने वाला था।

## सेवा निवृत्त शिक्षक श्याम लाल उपाध्याय का आकस्मिक निधन

**भोपाल।** सेवा निवृत्त शिक्षक श्री श्याम लाल उपाध्याय का आज 90 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। लोकेश, सत्यप्रकाश, सुभाष, श्रीकृष्ण, सुनील के पिता श्याम लाल साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में सतत सक्रिय थे। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। अनेक गणमान्य नागरिकों ने उनके घर पहुंच उनके अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। उनकी अंतिम यात्रा कल 27 अक्टूबर सोमवार को सुबह 11 बजे उनके निवास 91 न्यू चौकसे नगर, लाम्बा खेड़ा बैरसिया रोड से छोला विश्राम घाट प्रस्थान करेगी।



## बीएमएचआरसी में 7 दिन में तीन जटिल कैंसर सर्जरी

# मरीज की चेहरे की हड्डी तक फैला था कैंसर, डॉक्टरों ने किया सफल इलाज

भोपाल, दोपहर मेट्रो

भोपाल मेमोरियल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमएचआरसी) में बीते सात दिनों में कैंसर सर्जरी विभाग ने तीन अत्यंत जटिल कैंसर सर्जरियां पूरी कीं। इन सर्जरियों में मस्तिष्क के पास स्थित सिस्टिक हाइग्रोमा, अग्न्याशय का दुर्लभ एंडोक्राइन ट्यूमर और चेहरे की हड्डी तक फैले मैक्सिलरी साइनस कैंसर को निकाला गया। इन सभी सर्जरियों का नेतृत्व सहायक प्रोफेसर डॉ. सोनवीर गौतम ने किया।

### गले की नस के पास 15 सेंटीमीटर का ट्यूमर हटाया

भोपाल के 18 साल के युवक के गले में ट्यूमर था, जो धीरे-धीरे बढ़कर कैरोटिड आर्टरी (जो दिमाग तक खून पहुंचाती है) से चिपक गया था। यह ट्यूमर सिस्टिक हाइग्रोमा नाम की बीमारी के कारण हुआ था। कई अस्पतालों ने ऑपरेशन से मना कर दिया क्योंकि अगर आर्टरी कट जाती तो मरीज की जान जा सकती थी। बीएमएचआरसी की टीम ने सावधानी से ऑपरेशन कर ट्यूमर पूरी तरह निकाल दिया। अब युवक पूरी तरह ठीक है।



### कैंसर की वजह से बीपी में आता था उतार-चढ़ाव

40 साल की महिला को एंडोक्राइन ट्यूमर था, जिससे उनका ब्लड प्रेशर कभी बहुत ज्यादा और कभी बहुत कम हो जाता था। यह ट्यूमर आंत और एक बड़ी रक्तवाहिनी से जुड़ा था, इसलिए सर्जरी बेहद जोखिम भरी थी। बीएमएचआरसी के डॉ. सोनवीर गौतम और एनेस्थीसिया विभाग की डॉ. सारिका कटियार ने मिलकर यह ऑपरेशन किया। ट्यूमर को सावधानी से निकालकर अग्न्याशय की सामान्य क्रिया बचाई गई। अब महिला की स्थिति स्थिर है। ब्लड प्रेशर 200 से 70 तक जा रहा था दिल और रक्त वाहिकाओं पर असर का खतरा भी था।

### चेहरे में फैले कैंसर का किया सफल इलाज

50 साल की महिला के चेहरे में कैंसर इस हद तक फैल गया था कि उसकी आंख और हड्डी दोनों प्रभावित हो रहे थे। डॉक्टरों ने पहले कैंसर हटाया, फिर चेहरे की हड्डी का हिस्सा कूल्हे की हड्डी से रिप्लेस किया। साथ ही चेहरे की मांसपेशियों को संतुलित करने के लिए टेम्पोरल मसल का उपयोग किया गया। अब मरीज की आंख भी सुरक्षित है और चेहरा लगभग पहले जैसा दिख रहा है।

### ऑपरेशन की खासियत

दिमाग को खून पहुंचाने वाली नस को बिना नुकसान पहुंचाए ट्यूमर हटाया चेहरे की मांसपेशियां और नसें सुरक्षित रहीं

### बीते एक साल में हुई 200 कैंसर सर्जरी

बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने कहा कि मॉडर्न ऑन्को-सर्जरी यूनिट, न्यूरो सर्जिकल सपोर्ट और रीकंस्ट्रक्टिव सर्जरी सिस्टम उपलब्ध हैं, जिससे जटिल मामलों में भी मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ता। पिछले एक साल में 200+ कैंसर सर्जरी और 95त्न मरीजों की पोस्ट-ऑपरेटिव सफल रिकवरी जैसे लक्ष्य भी हासिल किए गए हैं।

## पुतलीघर बस स्टैंड बना अतिक्रमण और गंदगी का अड्डा,



**भोपाल।** शहर के बेरसिया रोड स्थित पुतलीघर बस स्टैंड का निर्माण कार्य काफी समय पहले पूरा हो चुका है, लेकिन अब तक इसका लोकापर्ण नहीं किया गया। लाखों रुपए की लागत से तैयार यह बस स्टैंड आज उपयोग में न आकर अतिक्रमण और गंदगी का केंद्र बन गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस स्टैंड परिसर में परदेसी लोगों ने अस्थायी झुग्गियां डाल रखी हैं, जिसके चलते वहां चारों ओर गंदगी, बदबू और अव्यवस्था का माहौल बना हुआ है।

## डीआरएम त्यागी ने भोपाल स्टेशन का निरीक्षण किया

# सूर्य उपासना के पर्व पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बढ़ाई सतर्कता

भोपाल, दोपहर मेट्रो

छठ महापर्व पर बढ़ने वाली यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए भोपाल रेल मंडल ने तैयारियों को परखना शुरू कर दिया है। मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) पंकज त्यागी ने शनिवार को भोपाल रेलवे स्टेशन, लिलेन लॉन्ड्री, आईओएच, कोचिंग डिपो और आईआरसीटीसी के बेस किचन का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्लेटफॉर्म और स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं, सुरक्षा व्यवस्था और टिकट चेकिंग की स्थिति का विस्तार से जायजा लिया।

डीआरएम त्यागी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि भीड़भाड़ के दौरान



यात्रियों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। टिकट काउंटर, वेटिंग एरिया, शौचालय और पीने के पानी की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों और स्टेशन स्टाफ से लगातार समन्वय बनाकर चलने के निर्देश दिए।

### यात्रियों की हाइजीन और आराम रेलवे की प्राथमिकता

निरीक्षण के दौरान डीआरएम ने लिलेन लॉन्ड्री में बेडरोल की स्वच्छता और गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने मशीनों से धुलाई, ड्राई और इस्त्री प्रक्रिया का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि यात्रियों को ट्रेनों में हमेशा साफ-सुथरे, उच्च गुणवत्ता वाले बेडरोल ही मिले। उन्होंने कहा कि यात्रियों की हाइजीन और आराम रेलवे की प्राथमिकता है। इसके बाद डीआरएम त्यागी ने आईओएच डिपो में यात्री कोचों की ओवरहालिंग प्रक्रिया की समीक्षा की।

## भोपाल में लूट बढ़ी, चोरी-नकबजनी पर काबू

# 688 बदमाशों की फाइल और 47 की हिस्ट्रीशीट हुई तैयार

**भोपाल।** राजधानी भोपाल में पिछले दो सालों के मुकाबले इस साल महज दस महीने में लूट के ग्राफ में इजाफा दर्ज किया गया है। जबकि नकबजनी और चोरी की वारदातों में कमी लाने में भोपाल पुलिस किसी हद तक कामयाब रही है। अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने 688 बदमाशों की गुंडा फाइल तैयार की जा चुकी हैं। जबकि 47 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट तैयार की गई है। पुलिस कमिश्नर हरिनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि अपराधों के प्रति जीरो टॉलरेंस पॉलिसी का पालन किया जा रहा है। अपराध में लिप्त किसी भी व्यक्ति को छोड़ा नहीं जा रहा है। चाहे वे खुद पुलिस महकमें के हों अथवा अन्य कोई भी। पिछले दिनों ड्रग तस्करों के खिलाफ भी मुहीम चलाकर कार्रवाई की।

जानकारी के मुताबिक वर्ष 2023 में डकैती की एक भी वारदात सामने नहीं आई थी। जबकि वर्ष 2024 में डकैती की दो वारदातें दर्ज की गई थीं। इसी तरह इस साल जनवरी से अब तक डकैती की एक भी वारदात दर्ज नहीं की गई है। डकैती की योजना बनाते साल 2023 में भोपाल पुलिस ने एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया था।

**मेट्रो एंकर**

## समान ट्रैक पर चलने वाली ट्रेन समय पर, हफ्ते में 1 दिन चलने वाली सुपरफास्ट 10 घंटे लेट

# रीवा स्पेशल सुपरफास्ट की रफ्तार पर उठ रहे सवाल

भोपाल, दोपहर मेट्रो

रानी कमलापति स्टेशन से रीवा के बीच चलने वाली दो ट्रेनों की रफ्तार में जमीन-आसमान का फर्क देखने को मिल रहा है। रोजाना रात 10 बजे चलने वाली ट्रेन नंबर 12185 रेवांचल एक्सप्रेस अपने तय समय यानी अगले दिन सुबह 8 बजे रीवा पहुंच जाती है। कई बार तो यह 10 से 15 मिनट पहले ही पहुंच जाती है।

वहीं इसके सिर्फ 15 मिनट बाद यानी रात 10:15 बजे चलने वाली ट्रेन नंबर 02191 रीवा स्पेशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस अक्सर घंटों की देरी से पहुंच रही है। इस ट्रेन का शेड्यूल समय हर शनिवार रात 10:15 बजे रानी कमलापति स्टेशन से रवाना होने का है और अगले दिन सुबह 7:20 बजे रीवा पहुंचने का तय समय है। लेकिन पिछले एक महीने के आंकड़े बताते हैं कि यह ट्रेन कई बार 10 से 12 घंटे तक की देरी से रीवा पहुंची है।

### रेवांचल के ज्यादा स्टॉप, फिर भी समय पर

रेवांचल एक्सप्रेस के भोपाल, विदिशा, गंज बासौदा, मंडी बामोरा, बीना, खुरई, सागर, पथरिया, दमोह, कटनी मुड़वारा, अमदरा, मैहर, उंचेहरा, सतना और रीवा में स्टॉप हैं। वहीं, रीवा स्पेशल सुपरफास्ट एक्सप्रेस के स्टॉप इससे कम हैं, विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर, सतना और रीवा। कम ठहराव होने के बावजूद रीवा स्पेशल लगातार लेट होना यात्रियों और विशेषज्ञों दोनों को चौंका रहा है।



डब्ल्यूसीआर के सीपीआरओ हर्षित श्रीवास्तव ने बताया हम ट्रेनों के समय पालन का पूरा ध्यान रखते हैं। कई बार ऑपरेशनल इश्यूज के चलते ऐसा होने की संभावना बनती है। हमारी पूरी कोशिश है कि सभी स्पेशल ट्रेन समय पर चलें

इसी रूट पर रोजाना चलने वाली ट्रेन नंबर 12185 रेवांचल एक्सप्रेस रात 10 बजे रानी कमलापति से रवाना होती है और अगले दिन सुबह 8 बजे रीवा पहुंच जाती है। यह ट्रेन अधिकतर दिन समय पर या 10-15 मिनट पहले रीवा पहुंचती है।

### पिछले 4 शेड्यूल में औसतन 9 से 12 घंटे की देरी

- **18 अक्टूबर :** शेड्यूल ट्रेन अगले दिन 10 घंटे 48 मिनट की देरी से रीवा पहुंची।
- **11 अक्टूबर :** ट्रेन 10 घंटे 27 मिनट देरी से पहुंची।
- **4 अक्टूबर :** ट्रेन 12 घंटे 48 मिनट देरी से पहुंची।
- **27 सितंबर :** ट्रेन 4 घंटे 37 मिनट लेट रही। यानी सुपरफास्ट नाम के बावजूद ट्रेन की औसत देरी 9 से 10 घंटे के बीच रही।

हमने रेवांचल एक्सप्रेस का जिक्र सिर्फ तुलना के लिए किया है, ताकि यह समझा जा सके कि जब समान रूट और दूरी में रोजाना चलने वाली ट्रेन समय पर पहुंच रही है, तो सप्ताह में एक बार चलने

## सरकार की पहल असर, विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा जनजातीय समुदाय

# योजनाओं के लिए बजट बढ़ाकर किया गया 47 हजार 295 करोड़

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

राज्य सरकार जनजातीय समुदाय की समृद्धि के लिए संकल्पित है। सरकार के रणनीतिक प्रयासों से विकास के हर क्षेत्र में जनजातीय समुदाय आगे बढ़ रहा है। जनजातीय कल्याण की योजनाओं के लिए बजट बढ़ाकर 47 हजार 295 करोड़ किया गया है जो पिछले वर्ष से 6,491 करोड़ रूपये ज्यादा है। सरकार के सतत् प्रयासों से मध्यप्रदेश आज जनजातीय कल्याण के क्षेत्र में देश का अग्रणी प्रदेश बनकर उभर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय समुदायों को आर्थिक विकास के भरपूर अवसर दिए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सबका साथ-सबका विकास दर्शन अपनाते हुए जनजातीय समुदायों योजनाओं का लाभ दिलाने के साथ उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विशेष रूप से पिछ्ड़ी और कमजोर जनजातियों (पीवीटीजी) के समग्र विकास और कल्याण के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने कई ऐतिहासिक प्रयास और नवाचार किए हैं। जनजातीय समुदाय के जीवन स्तर को गुणवत्तापूर्ण बनाने और देशज संस्कृति को संरक्षित रखने के लिए समर्पित प्रयास किए गए हैं। परिणामस्वरूप जनजातीय समुदाय को न केवल अपने अधिकार मिले हैं, बल्कि संस्कृति की भी रक्षा हुई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिक्षा के लोकव्यापीकरण के जरिए जनजातीय युवाओं को चयन प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेने के अवसर दिए जा रहे हैं। उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए आजीविका के नए-नए विकल्प और जरूरी साधन भी दिए जा रहे हैं। आदि संस्कृति को आजीविका से जोड़ने की पहल की गई है।

### पेसा नियमों से सशक्त हुई ग्राम सभाएं

मध्यप्रदेश में पेसा नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन से जनजातीय ग्राम सभाओं को अपने जैविक संसाधनों, भूमि, जल, वन और पारम्परिक व्यवस्थाओं पर अधिकार प्राप्त हुए हैं। अब ग्राम सभाएं विकास योजनाओं में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं, जिससे जनजातीय अंचलों में स्वशासन की दिशा में एक सशक्त आधार स्थापित हुआ है। वे अपने गांवों की विकास योजनाएं खुद बना रही हैं ।जनजातीय समुदाय की आजीविका से जुड़े लाखों तेंदूपत्ता संग्राहकों का पारिश्रमिक बढ़ाकर अब 4,000 रुपये प्रति मानक बोरी कर दिया गया है। इस निर्णय से संग्राहकों की आय बढ़ी है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिली है। तेंदू पत्ता व्यापार बढ़ने से उन्हें लाभ हुआ है।



**शिक्षा एवं छात्रवृत्ति में उल्लेखनीय कार्य** | जनजातीय वर्ग के सभी विद्यार्थियों की शिक्षा के प्रोत्साहन के लिए इन्हें छात्रवृत्ति देने की अवधि साल में 10 माह से बढ़ाकर अब पूरे 12 माह कर दी गई है। उनके छात्रावासों को सुविधा संपन्न बनाया गया है।जनजातीय वीर नायकों की शौर्य कथाएं और गौरवगाथाएं स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल की गई हैं। भगवान बिरसा मुंडा जी की जीवनी अब विद्यालयीन शिक्षा के पाठ्यक्रम का हिस्सा बनेगी। प्रदेश के सभी जनजातीय कन्या आवासीय शिक्षा परिसरों को अब 'माता शबरी कन्या शिक्षा परिसर' नाम दिया गया है। यह जनजातियों को सम्मान देने का एक अनूठा उदाहरण है।

### आंगनवाड़ी निर्माण में म.प्र. अव्वल

'पीएम जन-मन कार्यक्रम' अंतर्गत आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण में मध्यप्रदेश देश में पहले स्थान पर रहा है। इस योजना से विशेष पिछ्ड़ी जनजातियों (बैगा, भारिया, सहरिया) को अत्यधिक लाभ मिला है। इससे पीवीटीजी परिवारों, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा में उत्तरोत्तर सुधार देखा जा रहा है।

### सांस्कृतिक गौरव की पुनर्स्थापना

राज्य सरकार द्वारा जनजातीय गौरव और पहचान को सम्मान देने के लिए अलीराजपुर जिले का नाम परिवर्तित कर अब 'आलीराजपुर' कर दिया गया है। यह निर्णय जनजातीय वर्ग की अस्मिता के सम्मान और इनके सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है।

## विकसित मध्यप्रदेश @2047 के दृष्टि-पत्र का विमोचन होगा

# मप्र स्थापना दिवस पर सीएम करेंगे दो पोर्टल का शुभारंभ, प्रदर्शनी-गोष्ठी भी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

नीति आयोग के सहयोग से तैयार किए गए विकसित मध्यप्रदेश @ 2047 के दृष्टि पत्र का विमोचन एक नवम्बर को होगा। इसी दिन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मौजूदगी में इन्वेस्ट एमपी और एमपी ई सेवा पोर्टल भी लांच किए जाएंगे। इसके साथ ही तीन दिवसीय प्रोग्राम होंगे जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस आयोजन पर होने वाले खर्च के लिए कलेक्टरों को अपने स्तर पर व्यवस्था बनानी होगी। सरकार हर जिले के सिर्फ एक-एक लाख रुपए देगी।

प्रदेश के स्थापना दिवस पर भोपाल और प्रदेश के अन्य जिलों में होने वाले तीन दिवसीय कार्यक्रमों को लेकर सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं। इसमें कहा गया है कि प्रदेश के स्थापना दिवस पर एक नवम्बर को सुबह 11 बजे विकसित मध्यप्रदेश ञ्च 2047 के दृष्टि पत्र का विमोचन किया जाएगा। इसके साथ ही एमपी ई सेवा एवं इन्वेस्ट एमपी पोर्टल का शुभारंभ किया जाएगा। इसके बाद शाम को कल्चरल प्रोग्राम होंगे। राजधानी के लाल परेड मैदान पर तीन दिवसीय स्थापना दिवस कार्यक्रम होंगे। एक नवम्बर को मंचीय कार्यक्रम, विरासत से विकास केंद्रित ड्रोन शो, सुगम संगीत के लिए फेमस कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे और आतिशबाजी की जाएगी।

### महाराजा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन होगा



दो और तीन नवम्बर को स्वसहायता समूह और प्रदेश के प्रतिष्ठित शिल्पियों की आर्ट और क्राफ्ट प्रदर्शनी सह विक्रय स्टॉल के माध्यम से प्रदेश की बहुआयामी कला संस्कृति का लोकव्यापीकरण किया जाएगा। मंचीय कार्यक्रम में महाराजा विक्रमादित्य महानाट्य का मंचन और सुगम संगीत का आयोजन होगा। विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, विरासत से विकास, उद्योग, विज्ञान क्षेत्र की विशिष्ट उपलब्धियों पर केंद्रित प्रदर्शनी और मध्यप्रदेश के विकास पर केंद्रित फिल्म का निर्माण और प्रदर्शन कराया जाकर इसे प्रदेश, जिला, ब्लाक स्तर पर प्रदर्शित किया जाएगा।

### जिलों में कलेक्टर प्रभारी मंत्री से चर्चा कर तय करेंगे कार्यक्रम

जीएडी के निर्देशों में कहा गया है कि जिला स्तरीय कार्यक्रम के अंतर्गत जिला मुख्यालयों में कल्चरल प्रोग्राम, जिलावार उत्कृष्ट कार्यों से संबद्ध गौरव चरित्रों पर केंद्रित, जिला उत्पादों का प्रदर्शन और उत्कृष्ट कार्यों से संबद्ध प्रदर्शनी लगाई जाएगी। कलेक्टर सभी स्तर पर होने वाली कार्यक्रमों से संबंधित तैयारियों की जानकारी से जिले के प्रभारी मंत्री को अवगत कराएंगे और उनके परामर्श से कार्यक्रम को अंतिम रूप देंगे। जिला मुख्यालय पर स्थित प्रमुख शासकीय भवनों पर एक नवम्बर की रात्रि को प्रकाश व्यवस्था भी अनिवार्य की गई है। जिला स्तर पर होने वाले जिला स्तरीय संस्कृति, पर्यटन, पुरातत्व समितियों तथा अन्य विभागों की गतिविधियों को मिलाकर आयोजन के लिए राशि का इंतजाम किया जाएगा। इसके लिए संस्कृति विभाग द्वारा भोपाल को छोड़कर सभी जिलों को एक-एक लाख रुपए दिए जाएंगे। स्थापना दिवस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, विशिष्टजनों, उद्योगपतियों, व्यवसायियों, समाजसेवियों, धर्मगुरुओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी विद्यालयों और महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं, शासकीय अधिकारी कर्मचारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, लोकतंत्र सेनानी, शहीद सैनिकों के परिवारों तथा उपलब्धि हासिल करने वाले एनजीओ, स्टार्टअप के पदाधिकारियों को विशेष तौर पर आयोजन में बुलाने के निर्देश राज्य सरकार ने दिए हैं।

## हर विधानसभा में 25000 घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी कांग्रेस

# पचमढ़ी ट्रेनिंग के बाद जारी होगा 60 दिनों का प्रोग्राम, वार्ड-पंचायत कमेटियां बनेंगी

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्य प्रदेश कांग्रेस अब पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के 25 हजार घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी। इसके पीछे संगठन की सोच यह है कि एक तरफ जहां पार्टी के पास फंड की व्यवस्था होगी। दूसरी तरफ आर्थिक रूप से मदद करने वाले परिवारों से पार्टी के नेताओं का सीधा संपर्क होगा। पचमढ़ी में 2 से 11 नवंबर तक एमपी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की ट्रेनिंग होगी। इस दौरान प्रदेश के करीब एक हजार ब्लॉक अध्यक्षों के नामों की घोषणा करने की तैयारी है। 20 जिलों के ब्लॉक अध्यक्षों के नाम फाइनल हो गए हैं। एक हफ्ते में सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम तय हो जाएंगे। वहीं, ट्रेनिंग कैंप के तुरंत बाद 60 दिनों का प्रोग्राम घोषित किया जाएगा, जिसमें पूरे प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में पंचायत कांग्रेस कमेटी और वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाएगा। इसके लिए सभी नेताओं, पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी जाएंगी।

पचमढ़ी प्रशिक्षण शिविर में राहुल गांधी बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बाद शामिल होंगे। पीसीसी के मुताबिक राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे का कार्यक्रम 8 से 10 नवंबर के बीच संभावित है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण का मतदान होना है। राहुल गांधी ट्रेनिंग के दौरान जिलाध्यक्षों को न केवल संबोधित करेंगे, बल्कि उनसे वन-टू-वन भी करेंगे। जिसमें वे जिले की सामाजिक, राजनीतिक परिस्थितियों, चुनौतियों और भविष्य की रणनीति पर बात कर सकते हैं।




### मैनेजमेंट सीखेंगे कांग्रेस जिलाध्यक्ष

कांग्रेस के 71 जिला अध्यक्ष 10 दिनों तक पचमढ़ी में रहकर प्रशिक्षण लेंगे। इस दौरान अलग-अलग एक्सपर्ट्स डेली रूटीन, पब्लिक डीलिंग, बूथ मैनेजमेंट, कैडर मैनेजमेंट से लेकर चुनौतियां और भविष्य की रणनीति सिखाएंगे। **ये एक्सपर्ट देंगे ट्रेनिंग** - कांग्रेस ट्रेनिंग डिपार्टमेंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन राव, सांसद और पूर्व आईएएस अफसर शशिकांत सैंथिल, सुप्रिया श्रीनेत, पवन खेड़ा, जयराम रमेश, केसी वेणुगोपाल और हरीश चौधरी।

### गनमैन, ड्राइवर, पीए को एंट्री नहीं

पचमढ़ी के ट्रेनिंग कैंप में जिलाध्यक्षों को पीसीसी की ओर से भेजे गए पत्र में लिखा है कि आपको समय से पहले इसलिए सूचना दे रहे हैं ताकि आप हर दृष्टि से तैयारी कर लें। 2 नवंबर को सुबह 10 बजे तक हर हाल में प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिलाध्यक्षों के गनमैन, ड्राइवर, पीए को एंट्री नहीं दी जाएगी।

### अगले चुनावों का रोडमैप होगा तैयार

ट्रेनिंग कैंप में कांग्रेस जिलाध्यक्षों को अपने जिले में ब्लॉक, मंडलम, सेक्टर, वार्ड, ग्राम पंचायत और बूथ लेवल तक संगठन बनाने के बारे में बताया जाएगा। आगामी समय में होने वाले नगरीय निकाय, पंचायत चुनाव और 2028 के विधानसभा और 2029 के लोकसभा चुनाव को लेकर कैसे रणनीति बनाना है, इसका पूरा रोडमैप बताया जाएगा। इससे पहले दमोह जिले की तेंदूखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में शनिवार को कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान विस्तार के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें बूथ लेवल एजेंट , सेक्टर, मंडलम के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दिए गए।

## 29 अक्टूबर को भोपाल मुख्यालय का करेंगे घेराव

# मंडी बोर्ड के 1500 करोड़ कर्ज का विरोध, कर्मचारियों ने खोला मोर्चा

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी बोर्ड को भावांतर भुगतान योजना के लिए 1500 करोड़ रुपये का ऋण लेने के आदेश के विरोध में संयुक्त संघर्ष मोर्चा खुलकर सामने आ गया है। 29 अक्टूबर को प्रदेश की सभी मंडियों को बंद रखने और भोपाल में मंडी बोर्ड मुख्यालय का घेराव करने की घोषणा की है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा का कहना है कि मंडी बोर्ड की आर्थिक स्थिति इतनी बड़ी राशि का ऋण लेने की अनुमति नहीं देती, फिर भी कृषि विभाग ने जबरन इस पर दबाव बनाया है। संयुक्त संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष नैनसिंह



सोलंकी ने बताया कि मोर्चा ने 17 अक्टूबर को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया था कि भावांतर योजना के तहत सोयाबीन के भुगतान के लिए 1500 करोड़ रुपये की व्यवस्था शासन स्तर पर की जाए, क्योंकि मंडी बोर्ड ऋण लेने की स्थिति में नहीं है।

### कर्मचारियों के वेतन और पेंशन पर भी संकट

संयोजक बीबी. फौजदार ने बताया कि राज्य की 259 मंडी समितियों में कार्यरत कर्मचारियों के नियमित वेतन और पेंशन की व्यवस्था को लेकर वर्ष 2020 में भी आंदोलन किया गया था। आंदोलन के बाद शासन को प्रस्ताव भेजा गया था कि इन कर्मचारियों को मंडी बोर्ड में समाहित किया जाए, लेकिन वह प्रस्ताव अब तक लंबित है। इस वजह से प्रदेश की लगभग 70 मंडियों में कर्मचारियों को नियमित वेतन और पेंशन नहीं मिल पा रही है।

### विंध्य की 59 प्रतिभाओं का भोपाल में सम्मान




**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में आज बघेलखंड सांस्कृतिक भवन ट्रस्ट द्वारा एक गरिमामय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह विंध्य क्षेत्र (बघेलखंड) की 59 ऐसी युवा प्रतिभाओं को समर्पित था, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से विभिन्न प्रशासनिक सेवाओं में उच्च स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। समारोह के दौरान, विभिन्न संवर्गों में चयनित 59 अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बघेली दर्पण स्मारिका का भी विमोचन हुआ, साथ ही दिनेश कुमार गहरवार द्वारा लिखित महत्वपूर्ण पुस्तक विंध्य प्रदेश का राजनैतिक इतिहास भी जारी की गई।

# सांसद वीडी शर्मा यूएनजीए में करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा अब अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने उन्हें संयुक्त राष्ट्र महासभा के 80वें सत्र में शामिल होने के लिए नामित किया है। यह सत्र 27 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक न्यूयॉर्क (अमेरिका) में आयोजित होगा। इस दौरे में देशभर से कुल 15 सांसद संयुक्त राष्ट्र महासभा के सत्र में शामिल होंगे, जिनमें मध्यप्रदेश से केवल विष्णुदत्त शर्मा को प्रतिनिधित्व का अवसर मिला है। इस चयन को राज्य के लिए गर्व का विषय माना जा रहा है।



जानकारी के अनुसार, इस अंतरराष्ट्रीय दौरे के लिए सांसदों का चयन प्रधानमंत्री कार्यालय की प्रत्यक्ष निगरानी में किया गया है। माना जा रहा है कि दिल्ली द्वारा खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा को यह जिम्मेदारी सौंपना, उनके प्रति केंद्र सरकार के विश्वास और भरोसे को दर्शाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा विश्व के सबसे प्रतिष्ठित कूटनीतिक मंचों में से एक है, जहां सदस्य देशों के प्रतिनिधि वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करते हैं और अपने देश का दृष्टिकोण प्रस्तुत करते हैं। ऐसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की ओर से प्रतिनिधित्व करना किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जाता है।

**मेट्रो एंकर**

## भोपाल में राज्य स्तरीय कला उत्सव का रंगारंग समापन

# स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा मन

**भोपाल, दोहपर मेट्रो**

स्कूल शिक्षा विभाग का राज्य स्तरीय कला उत्सव का रंगारंग समापन भोपाल में शनिवार को हुआ। राजधानी भोपाल स्थित वाल्मी संस्थान में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कला उत्सव में स्कूल के विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस कला उत्सव में प्रदेश के विभिन्न संभागों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने गायन, वादन, नृत्य, लोकगीत, लोकनृत्य, नाटक, कहानी वाचन, मूर्तिकला, चित्रकला एवं स्थानीय शिल्प जैसी 12 श्रेणियों में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों ने अपनी कला प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में अपर परियोजना संचालक श्रीमती मनीषा सेतिया ने विजेता विद्यार्थियों को शुभकामनाएं और पुरस्कार वितरित किये। कला उत्सव का उद्देश्य स्कूल विद्यार्थियों में भारतीय कला परंपरा की समझ विकसित करना तथा उनके सर्वांगीण विकास में कला की भूमिका को सशक्त बनाना है।



**संगीत वादन - तबला:** भोपाल संभाग के आश्रय जायसवाल प्रथम, उज्जैन की गीत अखंड द्वितीय एवं रीवा के श्लोक तिवारी तृतीय स्थान पर रहीं। संगीत वादन स्वर - सागर संभाग के एकांश भट्ट को प्रथम, भोपाल के अंश पाटीदार को द्वितीय तथा शहडोल के अनमोल केवट को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। लोक वाद्य समूह - वादन में भोपाल के लक्ष्मण नारायण एवं समूह प्रथम, उज्जैन के सत्यम पाटीदार एवं समूह द्वितीय, नर्मदापुरम के कपिल परिहार एवं समूह तृतीय स्थान पर रहे। **कहानी वाचन :** ग्वालियर संभाग प्रथम, जबलपुर द्वितीय एवं भोपाल तृतीय स्थान पर रहा। नाटक वर्ग में ग्वालियर संभाग ने रानी अहिल्याबाई के जीवन पर आधारित नाटिका को प्रस्तुत कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### कला उत्सव मे शास्त्रीय गायन

एकल में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय रीवा के सृजन मिश्रा प्रथम, ग्वालियर की भारती यादव द्वितीय एवं भोपाल के कुणाल ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। स्थानीय शिल्प में शासकीय श्रमोदय विद्यालय जबलपुर के साहिल नाथ एवं दिव्यांशी पांडे को प्रथम, नर्मदापुरम के स्नेह एवं राहुल को द्वितीय स्थान मिला। मूर्तिकला में श्रमोदय विद्यालय जबलपुर के दिनेश विश्वकर्मा को प्रथम, भोपाल की रेचल गौर को द्वितीय एवं नर्मदापुरम के सत्यम नामदेव को तृतीय पुरस्कार मिला। चित्रकला में भोपाल की विदिका जैन प्रथम, ग्वालियर के प्रतीक बलिया द्वितीय एवं जबलपुर की कशिश मिश्रा तृतीय स्थान पर रहीं।



फिटनेस फंडा

**घटेगी पेट की चर्बी स्वस्थ रहेगा शरीर**

# बॉडी टाइप अलग होने के कारण महिलाओं के लिए खास स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

सदियों से, चिकित्सा शोधकर्ता केवल पुरुषों पर ही अध्ययन करते रहे हैं। इस तथ्य के बावजूद कि महिलाएँ शारीरिक रूप से बहुत भिन्न होती हैं, लिंग भेद को नज़रअंदाज़ किया गया है। महिलाओं पर आधारित शोध के इस लंबे समय से चले आ रहे अभाव के कारण ही फिटनेस एक्सपर्ट और पोषण वैज्ञानिक डॉ. स्टेसी सिम्स ने इस पर काम किया है। निर्धारित किया कि महिलाओं को सर्वोत्तम स्वास्थ्य के लिए कैसे व्यायाम और खान-पान करना चाहिए।

**उन्होंने कहा:** जब हम प्रशिक्षण से लेकर खान-पान और रिकवरी तक के प्रोटोकॉल के बारे में सोचते हैं, तो वह सब पुरुषों के आंकड़ों पर आधारित होता है। मैं अपने काम पर ध्यान देती हूँ और महिलाओं को अपने शरीर को समझने और अपनी क्षमता का अधिकतम उपयोग करने के लिए सशक्त बनाने की कोशिश करती हूँ। महिलाओं के लिए व्यायाम और पोषण पर किए गए सर्वश्रेष्ठ अध्ययनों से उनकी प्रमुख जानकारियाँ यहाँ दी गई हैं।





### पेट की चर्बी के लिए रेजिस्टेंस ट्रेनिंग

महिलाओं में चर्बी जलाने के लिए रेजिस्टेंस ट्रेनिंग बेहतर है, खासकर पेट की चर्बी। जर्नल ऑफ एप्लाइड फिजियोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन युवा, स्वस्थ प्रशिक्षित महिलाओं के एक समूह पर किया गया और पाया गया कि रेजिस्टेंस ट्रेनिंग से पेट की चर्बी जलने की दर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, डॉ. सिम्स बताते हैं कि रेजिस्टेंस ट्रेनिंग से मांसपेशी ऊतक बनते हैं - जो चयापचय की दृष्टि से वसा से अधिक सक्रिय होते हैं। शोधकर्ताओं ने पाया कि प्रशिक्षण के दौरान और तुरंत बाद महिलाओं के उदर क्षेत्र में वसा के चयापचय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई, साथ ही पूरे शरीर में वसा जलने में वृद्धि हुई और व्यायाम के बाद विश्रामकालीन ऊर्जा व्यय (आप आराम करते समय कितनी कैलोरी जलाते हैं) में वृद्धि हुई, जो सभी आपके विकास हार्मोन, एपिनेफ्रीन और नॉरएपिनेफ्रीन के स्राव में वृद्धि के कारण हुए, जो वसा के चयापचय का समर्थन करते हैं।

### मांसपेशियाँ कैसे बढ़ाएँ?

कसरत के बाद ईंधन और प्रोटीन का सेवन पुरुषों की तुलना में महिलाओं के लिए अधिक मायने रखता है। महिलाओं में कम ऊर्जा उपलब्धता (LEA) बेहद आम है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित 40 से ज़्यादा खेलों में 1,000 महिला एथलीटों पर 2019 में किए गए एक सर्वेक्षण में अनुमान लगाया गया था कि महिला एथलीटों में कम ऊर्जा उपलब्धता का जोखिम 47% से ज़्यादा है। कम खाना आपके शरीर को अपचयी अवस्था में डाल देता है जिससे रिकवरी में देरी होती है, मेटाबॉलिज़्म धीमा हो जाता है और वसा का भंडारण बढ़ जाता है क्योंकि आपके शरीर को डर होता है कि वह भूखा है, इसलिए वह अपने पास मौजूद वसा को जमा कर लेता है।÷ कसरत के बाद का ईंधन पर्याप्त खाने का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, खासकर एक महिला के लिए।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग से अधिक लाभ

शोध से पता चलता है कि स्ट्रेंथ ट्रेनिंग, टाइप 2 मधुमेह, हृदय रोग और कैंसर जैसी दीर्घकालिक बीमारियों के जोखिम को कम करने में एरोबिक व्यायाम के बराबर, या उससे अधिक प्रभावी है। मेडिसिन एंड साइंस इन स्पोर्ट्स एंड एक्सरसाइज में प्रकाशित 12,500 से अधिक लोगों (पुरुष और महिला दोनों) पर किए गए एक अध्ययन में पाया गया कि जो लोग साप्ताहिक आधार पर किसी भी मात्रा में शक्ति प्रशिक्षण करते थे, उनमें हृदयाघात, स्ट्रोक या हृदय रोग से संबंधित मृत्यु का जोखिम उन लोगों की तुलना में 40-70त्न कम था, जिन्होंने कोई शक्ति प्रशिक्षण नहीं किया था, भले ही उन्होंने कितना भी एरोबिक व्यायाम किया हो। अन्य रिसर्च से पता चला है कि महिलाएँ पुरुषों की तुलना में शक्ति प्रशिक्षण पर बेहतर प्रतिक्रिया देती हैं।

### गर्भावस्था के दौरान व्यायाम

अगर आपको चिंता है कि गर्भावस्था के दौरान व्यायाम करने से आपकी या आपके बच्चे की सुरक्षा को नुकसान पहुँच सकता है, तो जान लें कि 2019 में 32,000 से ज़्यादा महिलाओं पर किए गए एक मेटा-विश्लेषण में पाया गया कि गर्भावस्था की तीसरी तिमाही में ज़ोरदार व्यायाम करने से बच्चे के जन्म पर कोई बुरा असर नहीं पड़ा, और ज़ोरदार व्यायाम करने वालों में समय से पहले जन्म का जोखिम भी कम था। डॉ. सिम्स बताते हैं कि ब्रिटिश जर्नल ऑफ़ स्पोर्ट्स मेडिसिन में प्रकाशित एक अन्य शोध से पता चलता है कि गर्भावस्था से पहले निष्क्रिय रहने वाली महिलाओं को भी अपने और अपने बच्चे के स्वास्थ्य के लिए धीरे-धीरे व्यायाम को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

जीवन दर्शन

# भौतिक विकास के साथ मनुष्य की आध्यात्मिक यात्रा भी है जरूरी

रमेश भाई ओझा
आध्यात्मिक गुरु



एक आदमी काफी समय से मंदिर में जाकर प्रार्थना करता...हे प्रभु, सौ रुपये दो। एक बार एक मनुष्य ने उसकी प्रार्थना सुनी। उसने एक रुमाल में निन्यानवे रुपये बांधकर पोटली रख दी। उसे पोटली मिली, वह राजी हो गया। उसे लगा- प्रभु ने प्रार्थना सुन ली। पोटली खोल कर गिनने लगा। निन्यानवे रुपये देख कर उसे लगा एक रुपया कहां चला गया। चिंता करने लगा- एक रुपया कम है, निन्यानवे ही क्यों? भगवान को तो सौ रुपये देना था। या तो गिनती में भूल हुई होगी या तो किसी ने जरूर एक रुपया ले लिया होगा।



'एक रुपया कम है' की चिंता में वह इस कदर डूब गया कि उन रुपयों का सदुपयोग करना भूल गया। यह आम मानसिकता है। जो नहीं मिला उस पर ध्यान केंद्रित हो जाता है। जो मिला उसका प्राय-सदुपयोग ही नहीं किया जाता। आज जिसे देखें, वह कुछ न कुछ पाने के लिए दौड़ता दिखाई दे रहा है। भौतिकता के इस बढ़ते प्रभाव को यदि आध्यात्मिकता द्वारा संतुलित नहीं करेंगे तो भौतिकता इंसान और मानव समाज को तोड़ डालेगी। इन दोनों के बीच संतुलन आवश्यक है। साफ दिख रहा है कि सब कुछ पास होते हुए भी आज के इंसान को संतोष नहीं, वह भटकता अधिक है। भटकाव ही उसे दौड़ा रहा है। स्थिति यह है कि दर्द पैरों में है और इलाज वह सिर का करा रहा है। ठीक है कि भौतिकता किसी हद तक शारीरिक सुख देगी, लेकिन भीतर शांति चाहते हैं तो सही उपचार आध्यात्मिकता से ही संभव है। भौतिकता बुरी नहीं, लेकिन संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है। हर व्यक्ति सुख चाहता है। सुख भोगो लेकिन याद रखो, वृक्ष जितना आकाश की ओर उठता है, उतना ही उसकी जड़ें जमीन के अंदर फैलती हैं। तभी वृक्ष मजबूती से टिकता है। भौतिक विकास जितना आवश्यक है, उतनी ही आध्यात्मिक यात्रा भी अनिवार्य है। नहीं तो विकास ह्रास बन जाएगा।

सुख और दुख मन के खेल हैं। मन को अच्छा लगे, वह सुख और मन को अच्छा न लगे, वह दुख। मन में जब सकारात्मक सोच बढ़ेगी, सकारात्मक चिंतन बढ़ेगा फिर कैसी भी परिस्थिति हो, मनःस्थिति ऐसी हो जाएगी कि मौज में ही रहेंगे। होता यह है कि परिस्थिति वही की वही है, बस भूमिकाएं बदल जाती हैं।

## सितारों की बात

सप्ताह का राशिफल दिनांक 26 अक्टूबर से 01 नवंबर तक



पंडित विष्णु राजौरिया

**मेष:** मेष राशि के जातक आगामी सप्ताह में अपने जीवनसाथी के स्वास्थ्य के प्रति चिंतित रह सकते हैं। कार्यभार अधिक होने से आपकी व्यस्तता अधिक रहने के संकेत मिल रहे हैं लेकिन राज्य की कार्यों में और घर परिवार के कार्यों में आपको सफलता निरंतर मिलती रहेगी सप्ताह मिश्रित फल देने वाला रहेगा।

**वृषभ:** वृषभ राशि के जातकों को आगामी सप्ताह में कुछ अच्छे परिवर्तन देखने को मिलेंगे। आपके निरंतर प्रयासों से आपके लंबित कार्यों में सफलता मिलने के संकेत हैं साथ ही शासकीय कार्यों में आई हुई बढ़ाएं दूर होगी मुकदमा या अन्य कोई भी शासकीय कार्य आपके अनुकूल फैसला आने से आपकी उन्नति में सहायक सिद्ध होगा।

**मिथुन:** मिथुन राशि के जातकों को आगामी सप्ताह अत्यंत सुखद रहने के संकेत हैं। संतति के कार्यों में उन्नति साथी संतति कार्यक्षेत्र में प्रवेश अथवा कार्यक्षेत्र में उनकी पदोन्नति और स्थानांतरण के संकेत हैं। युवा जातक अपने कार्यक्षेत्र में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे।

**कर्क:** कर्क राशि के जातक आगामी सप्ताह आपका अत्यंत अनुकूल प्रतीत होता है। गजकेसरी योग इस सप्ताह के दौरान आपको अच्छी उन्नति प्रदान करेगा। आर्थिक उपलब्धियां व्यापार व्यवसाय और कृषि क्षेत्र के जातक इस सप्ताह में उत्तम सफलता अर्जित करेंगे धनागम होने से घर परिवार का वातावरण सुखद रहेगा।

**सिंह:** सिंह राशि के जातक वर्तमान में कुछ कठिनाई का अनुभव कर रहे हैं। स्वयं एवं अपने जीवन स्वामी के स्वास्थ्य के प्रति चिंता का वातावरण बना हुआ है। वहीं युवा वर्ग के जातक अपनी वाणी व्यवहार और क्रोध पर नियंत्रण रखें घर परिवार के लोगों के कारण ही या निकट के लोगों के कारण आपके कार्यों में व्यवधान आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

**कन्या** : कन्या राशि के जातक आगामी सप्ताह में अपने वाणी कुशल और आर्थिक विशेषज्ञता से उत्तम धन लाभ अर्जित कर सकेंगे, घर परिवार के कुटुंबिजन एवं मित्रों का भी आपको समुचित सहयोग मिलने के संकेत हैं। लंबित कार्यों में सफलता मिलने की भी पूरी संभावना बनी हुई है।

**तुला** : जातक आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त कर सकते हैं। आपके घर परिवार का वातावरण सुखद रहेगा साथ ही राजकीय क्षेत्र में राज्य कार्य के कार्यों में आपको उत्तम पद प्रतिष्ठा प्राप्त होने के संकेत हैं। सम्मान यश और कीर्ति प्राप्त होने से आपके धन गम का स्तर भी बढ़ेगा ,घर परिवार में वातावरण सुखद रहेगा, अपने स्वभाव पर भावुकता पर नियंत्रण रखें।

**वृश्चिक:** वृश्चिक राशि के जातक आगामी सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे ,परिश्रम और कठिन तपस्या से आपके कार्यों में विशेष सफलता मिलने के संकेत हैं, लेकिन घर में किसी बुजुर्ग महिला का मां बहन का स्वास्थ्य आपको तकलीफ दे सकता है । उसकी चिंता आपके कार्यों में कुछ व्यवधान उत्पन्न कर सकती है ,लेकिन भाग्य उन्नति के क्रम में आपको सफलता निरंतर मिलती रहेगी।

**धनु:** धनु राशि के जातक आगामी सप्ताह में अपने वाणी कुशल से अनेक सफलताएं अर्जित करेंगे। साथ ही निकट लोगों का पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा ,राजनीतिक क्षेत्र में क्षेत्र में कार्य करने वाले विवाह की प्रतीक्षारत युवक और युवतियों के संबंध इस सप्ताह में संपन्न हो सकते हैं। धनु राशि के जातक आर्थिक दृष्टि से संयम से कार्य करें आए और व्यय में संतुलन बनाने की आवश्यकता बनी रहेगी।

**मकर:** मकर राशि के जातक अपने कार्य क्षेत्र में इस सप्ताह में उत्तम सफलता प्राप्त करेंगे राजनीतिक कार्य करने वाले जातक विशेष पद प्रतिष्ठा के अनुकूल कार्य मिलने से प्रसन्नता का वातावरण रहेगा मान सम्मान में वृद्धि और आपके घर परिवार के मांगलिक कार्यों के प्रति प्रतिशत कार्य संपन्न होने से वातावरण उत्तम रहेगा ।वाणी पर नियंत्रण रखने की आवश्यकता है।

**कुंभ:** कुंभ राशि के जातक भ्रमण के कार्यों में अत्यधिक व्यस्त रह सकते हैं। आपकी व्यस्तता से आपको अनेक क्षेत्रों में सफलता के संकेत मिल रहे हैं। आपकी कार्यशैली और आपका वाणी कौशल आपको मान सम्मान और प्रतिष्ठा दिला सकता है । सा? साती शनि का प्रभाव आपको कुछ शारीरिक व्याधि दे सकता है। खान-पान पर नियंत्रण एवं दिनचर्या पर नियंत्रण रखें साथ ही हनुमत उपासना और शनि का दान करना अत्यंत उत्तम रहेगा।

**मीन:** मीन राशि के जातकों को इस सप्ताह में विगत सप्ताह की अपेक्षा स्वास्थ्य लाभ मिलेगा। कार्य की अधिकता की स्थिति में आप अपनी दिनचर्या में कुछ परिवर्तन करके दिन के समय में भी कुछ आराम अवश्य करें। विशेष रूप से महिला वर्ग में मीन राशि की देवियों अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सजग रहे। संतति के कार्यों में उत्तम सफलता प्राप्त होगी बहु प्रतीक्षित कार्य संपन्न होने से मन में संतोष का भाव रहेगा।

अजब -गजब

# AI से प्यार तो कर सकते हैं लेकिन शादी नहीं अमेरिका के एक प्रान्त को लागू करना पड़ा कानून

**AI** अब सिर्फ एक टूल नहीं रह गया है बल्कि लोगों की जिंदगी का हिंस्सा बन गया है। हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि लोग अब AI को एक सॉफ्टवेयर नहीं बल्कि दोस्त, साथी और कभी-कभी जीवनसाथी की तरह देखने लगे हैं। यहां तक कि कई लोग AI संग शादी रचाने की इच्छा भी जाहिर करने लगे हैं। इस तरह की बढ़ती मांग को देखकर अमेरिका के ओहायो राज्य में एक नया कानून प्रस्तावित किया गया है। इस प्रस्ताव के तहत इंसान और एआई के बीच शादी या किसी भी तरह के वैवाहिक रिश्ते को कानूनी मान्यता देने पर पूरी तरह से रोक दिया जाएगा।



### प्रस्तावित कानून के प्रावधान

ओहायो के विधायक थेडियस क्लैगेट (Thaddeus Claggett) ने सितंबर 2025 में हाउस बिल 469 पेश किया है। इस बिल के अनुसार कोई भी एआई सिस्टम किसी इंसान या दूसरे एआई के साथ शादी, घरेलू रिश्तेदारी या किसी वैवाहिक दर्जे में मान्य नहीं होगा। इसका मतलब साफ है कि अगर कोई शख्स एआई चैटबॉट से शादी करने का सपना देख रहा है, तो उसे कानूनी मान्यता नहीं मिलेगी। कानूनी नजरिए से यह कदम एआई को इंसान जैसी कानूनी पहचान और अधिकार मिलने से रोकने के लिए उठाया गया है।

**कानून का मकसद क्या है?:** प्रस्तावित कानून के संबंध में क्लैगेट का कहना है कि यह बिल भावनात्मक रिश्तों को रोकने के लिए नहीं, बल्कि कानूनी सीमाएं तय करने के लिए है। एक रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे एआई सिस्टम ज्यादा इंसानों-जैसे बन रहे हैं, यह जरूरी है कि उन्हें ऐसे अधिकार न दिए जाएं जो सिर्फ इंसानों के लिए हैं। इस तरह के अधिकारों में वसीयत, संपत्ति का अधिकार या पावर ऑफ अटॉर्नी शामिल हैं। उनका कहना है, हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि एआई कभी इंसान की तरह कानूनी अधिकार न पा सकें।

**भविष्य में इंसान और AI का रिश्ता:** अब दुनियाभर में बड़ी संख्या में ऐसे लोग मौजूद हैं जो एआई चैटबॉट्स से भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं। कुछ का तो यहां तक कहना है कि उनके AI उन्हें इंसानों से बेहतर समझते हैं। इस तरह के रिश्तों को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं। अगर यह बिल पास हो जाता है, तो ओहायो अमेरिका का पहला राज्य होगा जो एआई और इंसान की शादी को कानूनी रूप से प्रतिबंधित करेगा और यह अन्य राज्यों के लिए भी एक मिसाल के तौर पर काम भी कर सकता है।

जॉब ट्रेंड

# करोड़ों सैलरी देने वाली Meta ने 600 लोगों को निकाला, दावा -छोटी टीम बेहतर होगी

पिछले दिनों बड़े-बड़े सैलरी पैकेज पर लोगों को हायर करने के लिए सुर्खियों में रही Meta अब छंटनी की वजह से चर्चा में है। खबर है कि कंपनी ने अपने सुपर इंटेलिजेंस लैब डिवीजन से 600 कर्मचारियों को निकाल दिया है। रिपोर्ट्स के अनुसार मेटा के चीफ AI ऑफिसर अलेक्ज़ेंडर वांग ने इसे लेकर एक मेमो जारी किया है। इसमें बताया गया है कि टीम को तेज और प्रभावी बनाने के लिए यह फैसला लिया गया है। कंपनी का कहना है कि छोटे आकार की टीम में फैसले जल्दी लिए जा सकते हैं और हर सदस्य को ज्यादा जिम्मेदारी और असरदार भूमिका दी जा सकती है। हालांकि, इस कदम से कर्मचारियों और सोशल मीडिया पर नाराजगी भी देखने को मिल रही है।




वांग के मेमो में क्या था?: Meta के चीफ AI ऑफिसर वांग ने अपने मेमो में छंटनी का कारण बताते हुए लिखा कि छोटी टीमों में बातचीत और मंजूरी का प्रोसेस तेज हो जाएगा और इससे फैसले लेना आसान होगा। कंपनी चाहती है कि उनकी टीम इंडस्ट्री की सबसे चुस्त और टैलेंटेड टीम बने। गौरतलब है कि मेटा ने हाल के महीनों में OpenAI, Google DeepMind और Apple जैसी कंपनियों से करोड़ों डॉलर खर्च करके AI विशेषज्ञों को भर्ती किया था।

**नाराजगी जता रहे कर्मचारी:** Meta के छंटनी के फैसले के बाद से सोशल मीडिया पर लोग गुस्से में है। इसे लेकर Blind ऐप पर एक कर्मचारी ने लिखा है कि कुछ महीनों पहले आए कर्मचारियों के चलते सालों से काम कर रहे कर्मचारियों को निकाल दिया गया है। किसी ने इंटरनेट पर यह तक लिखा है कि अमीर लोग भूल जाते हैं कि नौकरी सिर्फ एक आंकड़ा नहीं बल्कि किसी की पूरी जिंदगी होती है। लोगों ने यह भी अंदेशा जताया है कि Meta अपने काम को आउटसोर्स करने की तैयारी में है। इससे पता चलता है कि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी हाई-टेक नौकरियां भी सुरक्षित नहीं हैं।

यूजर्स गाइड

# सावधानियों के साथ बिना किसी खराबी के सालों-साल चल सकती है इन्वर्टर की बैटरी

**स्मार्टफोन** हो या फिर लैपटॉप, सभी डिवाइस की बैटरी को लम्बे समय तक ठीक रखना आसान नहीं है। लोग गैजेट्स की बैटरी की लंबी लाइफ के बारे में तो सोचते हैं, लेकिन वे अपने घर में लगे इन्वर्टर की बैटरी पर ध्यान नहीं देते हैं, जो कि उनकी रोजमर्रा की जिंदगी के लिए एक जरूरी उपकरण है। इन्वर्टर की बैटरी भी गैजेट्स की तरह है, आप जितना उसका इस्तेमाल सही तरीके से करेंगे, वह उतनी ज्यादा चलेगी। इनवर्टर की बैटरी काफी मंहगी आती है। इस कारण लोगों को उसका इस्तेमाल ऐसे करना चाहिए ताकि वो बिना किसी खराबी के लंबे समय तक चले।



टेस्ला पावर ने अप्रैल 2023 में गाड़ी की बैटरी, इन्वर्टर बैटरी, वेलनेस हाइब्रिड बैटरी, होम यूपीएस, सोलर बैटरी और अन्य उत्पादों के बारे में जानकारी देने के लिए एक आर्टिकल पब्लिश किया है। इसमें इन्वर्टर बैटरी की लाइफ बढ़ाने के तरीके बताए थे।

**खुली जगह में करें इंस्टॉल:** सबसे पहले आपको इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि इंस्टॉलेशन सही है या नहीं। यह भी ध्यान दें कि वह सही जगह लगा है या नहीं। बैटरी को ऐसी जगह पर लगाना चाहिए जहां हवा अच्छी आती हो, वह सूखी हो और जहां सीधी धूप या गर्मी ना आती हो। इससे बैटरी का तापमान कम रहता है। अगर बैटरी ज्यादा गर्म हो जाती है, तो अंदर से खराब हो सकती है और उसकी लाइफ कम हो सकती है। इन 7 तरीकों से आप अपने इन्वर्टर की बैटरी लाइफ को आसानी से बढ़ा सकते हैं।

बैटरी को बहुत ज्यादा चार्ज करने से उसकी लाइफ काफी कम हो सकती है। ऑटोमेटिक चार्जिंग सिस्टम का इस्तेमाल करना चाहिए, जो बैटरी फुल चार्ज होने पर अपने आप बंद हो जाए। चार्जिंग सिस्टम के वोल्टेज को कंट्रोल करने के लिए वोल्टेज रेगुलेटर की जरूरत होती है। यह बैटरी को ज्यादा या कम चार्ज होने से बचाता है, जिससे उसकी लाइफ कम नहीं होती।

भीषण सड़क हादसा

## पिपरिया-पचमढ़ी मार्ग पर बाइक सवार दो युवकों की मौत

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पिपरिया-पचमढ़ी मार्ग पर झिरिया नाके और सिद्ध बाबा मंदिर के बीच एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल पिपरिया पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

स्टेशन रोड थाना प्रभारी आदित्य सैन ने बताया कि मृतकों की पहचान राम जी अहिरवार (28) निवासी हथवास और राजकुमार पटेल (29) निवासी सांडिया रोड, पिपरिया के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक मटकुली से पिपरिया लौट रहे थे। राजकुमार एक मोबाइल दुकान में कार्यरत थे, जबकि राम जी एक निजी फाइनेंस कंपनी में काम करते थे। एएसआई पंकज नामदेव ने बताया कि दुर्घटना किस वाहन से हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है। राहगीरों ने घटना की सूचना 112 पर दी थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और आज सुबह दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया है।

कफ सिरप मामला

## दिग्विजय सिंह ने डिप्टी सीएम शुक्ला का मांगा इस्तीफा

**छिंदवाड़ा।** प्रदेश में जहरीले कोल्ड्रिफ कफ सिरप के कारण दो दर्जन बच्चों की मौतों के मामले में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ल का इस्तीफा मांगा है। पूर्व सीएम ने कहा- 2 अक्टूबर को उप मुख्यमंत्री जो कि एमपी के स्वास्थ्य मंत्री भी हैं उन्होंने क्लीनचिट दी कि इसमें कोई गड़बड़ नहीं ऐसे व्यक्ति का क्या इस्तीफा नहीं होना चाहिए था? दिसंबर 2022 और 2023 में हिंदुस्तान में बनी छ्श्वत के कारण उज्बेकिस्तान में 18 बच्चे मारे थे। इसकी जानकारी देश के स्वास्थ्य मंत्रालय के पास थी, लेकिन स्वास्थ्य मंत्रालय ने इस पर रोक नहीं लगाई।



### वॉल पेंटिंग और दीवार लेखन से किसानों को कर रहे जागरूक

# किसान भाई नरवाई ना जलाएं का संदेश पहुंचा रहे हैं गांव-गांव

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में जिले भर में नरवाई/पराली को आग न लगाने का संदेश गांव-गांव तक पहुंचाया जा रहा है। विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी गांव स्तर पर किसानों से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें नरवाई प्रबंधन से जुड़ी मशीनरी, उपकरणों और उनकी उपलब्धता के बारे में जानकारी दे रहे हैं।तो ही वॉल पेंटिंग और दीवार लेखन के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है।जागरूक अभियान के अंतर्गत जिले की सभी ग्राम पंचायतों में वॉल पेंटिंग एवं दीवार लेखन के माध्यम से नरवाई ना जलाएं का संदेश प्रसारित किया जा रहा है। पंचायत भवनों, प्रमुख दीवारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जन जागरूकता स्लोगन लिखे जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक किसान इस पहल से जुड़ सकें। इसके साथ ही ग्राम कोटवारों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में मुनादी के माध्यम से किसानों को नरवाई के उचित प्रबंधन की जानकारी दी जा रही है।उधर प्रशासनिक अधिकारी भी नरवाई को आग न लगाने के संदेश का प्रचार कर रहे हैं। वे किसानों को नरवाई प्रबंधन के लाभों के बारे में भी बता रहे हैं।




विकासखंड केसला के ग्राम सोमलवाड़ा खुर्द एवं चादौन में शनिवार को नरवाई न जलाएं संदेश के तहत सुपर सीडर मशीन का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा, तहसीलदार सुनीता साहनी, सहायक कृषि यंत्री सी.एस. बरकड़े, उपयंत्री शोभित ठवरे, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सुनील उइके और कृषि विस्तार अधिकारी भाग्यश्री चौधरी उपस्थित रहे।

प्रदर्शन के दौरान किसानों को बताया गया कि कम्बाइंड हार्वेस्टर से धान कटाई के बाद खेत में पहले मल्चर और फिर सुपर सीडर मशीन के उपयोग से नरवाई जलाने की जरूरत नहीं पड़ती। साथ ही, खेत में अगली फसल की बोनी आसानी से की जा सकती है। अधिकारियों ने किसानों को नरवाई प्रबंधन के अन्य उपायों जैसे बेलर मशीन से नरवाई का बंडल बनाकर खेत साफ रखने की तकनीक के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम में ग्राम सोमलवाड़ा और चादौन के अनेक किसान–जिनमें आलोक वर्मा, उमाशंकर वर्मा, रमाशंकर वर्मा, अनिल चौधरी, रामकुमार महतो और राहुल महतो प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## छात्राओं ने बनाई आकर्षक रंगोली



**गंजबासौदा।** शासकीय हाई स्कूल किरवाया में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी बच्चों ने मिलकर रंगोली प्रतियोगिता में भाग लिया और आकर्षक रंगोली बनाई। रंगोली प्रतियोगिता में दर्शिका गुर्जर, मनु गुर्जर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और रचना मालवीय, राधिका मालवीय, रागनी मालवीय ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया और तहूरा खान, शिफा खान, भूमिका कुशवाहा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया इसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने मिलकर रंगोली बनाई और इसी मौके पर सभी स्कूल के शिक्षको ने बच्चों को बधाइयां दी मौके पर उपस्थित शिक्षक जेपी दुबे, नितिन यादव, राजीव जैन, ऋषि शर्मा, अनिल कुमार कुर्मी, शिक्षक सोनू मालवीय, विपिन सेन, अनामिका जैन मौजूद थी सभी शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी।

## कार्बाइड गन पर लगा प्रतिबंध

**सीहोर।** जिले में लंबे समय से बच्चों और युवाओं के बीच 'कार्बाइड गन' का खतरनाक खेल चल रहा था। यह गन पटाखे और विस्फोटक पदार्थों से तैयार की जाती थी, जो एक तेज धमाके की आवाज पैदा करती है। कई बार यह खेल जानलेवा हादसों में भी बदल जाता था। अब कलेक्टर बालागुरू के. ने जनता की सुरक्षा को सर्वोच्च मानते हुए इस पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। हाल ही में जिले के अंचल क्षेत्र में 15 वर्षीय किशोर की आंख कार्बाइड गन के विस्फोट से झुलस गई थी। यह घटना पूरे इलाके में चिंता का विषय बन गई थी। सिर्फ सीहोर ही नहीं, बल्कि प्रदेश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी दर्दनाक घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जहां मासूम बच्चों की आंखें हमेशा के लिए रोशनी खो बैठीं। कलेक्टर का यह निर्णय अब उन मासूमों की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी बालागुरू के. ने आदेश जारी करते हुए बताया कि यह प्रतिबंध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत लगाया गया है। इसके अंतर्गत जिले की सीमा के भीतर अब कोई भी व्यक्ति कार्बाइड गन या इसी तरह के विस्फोटक उपकरणों का निर्माण, भंडारण, विक्रय या उपयोग नहीं कर सकेगा।कार्बाइड गन बनाने में लोहे, स्टील और पीवीसी पाइपों का उपयोग किया जाता था, जिनमें विस्फोटक भरकर जोरदार धमाका किया जाता था। यह न सिर्फ मानव जीवन के लिए खतरनाक था बल्कि इससे उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण और धुएं से पर्यावरण भी प्रभावित हो रहा था। प्रशासन ने इसे शांति, सुरक्षा और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा मानते हुए प्रतिबंध को आवश्यक बताया। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी अनुविभागीय दण्डाधिकारी, कार्यपालिक मजिस्ट्रेट और पुलिस अधिकारी इस आदेश का सख्ती से पालन कराएं। यदि कोई व्यक्ति या व्यापारी इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया तो उसके खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# शहर में आवारा घूम रहे 13 गधे और 6 सांड को नगर सीमा से किया बाहर



**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

नगरपालिका के हाका दल ने शनिवार को नगर क्षेत्र में आवारा घूम रहे पशुओं के विरुद्ध व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान नगर में खुले घूम रहे 13 गधों और 6 सांडों को पकड़कर नगर सीमा से बाहर किया गया। कार्रवाई नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर की गई।

हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि शहर में आवारा घूम रहे पशुओं के कारण आए दिन यातायात बाधित होता है और राहगीरों को परेशानी होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर सरकार ने सख्ती बरतने का निर्णय लिया है। दल ने नगर के विभिन्न क्षेत्रों में सर्चिंग अभियान चलाया और आवारा घूम रहे पशुओं को तत्काल नगर सीमा से बाहर किया। साथ ही पशु मालिकों को भी चेतावनी दी गई है कि यदि उनके पशु पुनः सड़कों पर घूमते पाए गए, तो उन पर जुर्माना लगाया जाएगा। नगरपालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नगर की सड़कों पर पशुओं को छोड़े जाने की अनुमति नहीं है। हाका दल प्रभारी श्री सोनी ने बताया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। नपाध्यक्ष और सीएमओ ने निर्देश दिए हैं कि नगर के हर वार्ड में आवारा पशुओं की पहचान की जाए और उन्हें बगैर देर किए नगर सीमा से बाहर किया जाए। साथ ही, पशु पालकों को नियमित रूप से अपने पशुओं की देखरेख करने की भी समझाइश दी जा रही है।

# छठ पूजा : घाटों पर चलाया जा रहा विशेष स्वच्छता अभियान

### जेसीबी और पोकलेन की मदद से हटाया कचरा

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

छठ पूजन पर्व को देखते हुए नगर के समूचे घाटों पर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान बाढ़ की वजह से भारी मात्रा में जमे हुए कपे को निकालकर घाटों की धुलाई कराई गई। जिससे कि श्रद्धालुओं को स्नान करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। यह अभियान नगर के समूचे घाटों पर चलाया जा रहा है।




स्वच्छता निरीक्षक अनुराग तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती यादव एवं सीएमओ श्रीमती पटले द्वारा विशेष निर्देश दिए गए हैं कि श्रद्धालु मां नर्मदा में स्नान करने जा रहे हैं घाटों पर जल स्तर कम होने से मिट्टी (कपा) जम गई है उसे जेसीबी और पोकलेन से तत्काल निकलवाएं। जिससे कि श्रद्धालुओं किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। छट पूजन पर्व को देखते हुए बुधवार से शुरू इस विशेष स्वच्छता अभियान में पर्यटन घाट, सेठानीघाट, गऊ घाट, भगवान श्री काले महादेव घाट और मंगलवारा घाट से भारी मात्रा में कपे को हटाया गया। साथ ही पानी से समूचे घाटों की धुलाई कराई गई। स्वच्छता निरीक्षक श्री तिवारी ने बताया कि अभी मां नर्मदा का जल स्तर 4 फिर और नीचे जाएगा जिसके बाद फिर से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभी लगातार स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिस घाट पर भी कपा जमा होगा उसे तत्काल निकालवाया जाएगा।

नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि बिहार प्रांत का प्रमुख छट पर्व शुरू हो रहा है। यहां भी बड़ी संख्या में बिहारी भाई बहन रहते हैं वे छठ पूजन के लिए मां नर्मदा के घाट पर आते हैं। इसलिए नगरपालिका की स्वच्छता टीम को विशेष निर्देश देकर घाटों पर जमे कीचढ़ को हटवाया गया है। समस्त बिहारी भाई बहनों का मां नर्मदा के घाटों पर छठ पूजन हेतु स्वागत है।

# बूंदाबांदी से धान की फसल पर पड़ा असर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

जिले में मौसम के अचानक बदले रुख ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। शनिवार से ही आसमान पर बादल छाए हुए हैं और रातभर रुक-रुककर बूंदाबांदी होती रही। रविवार की सुबह भी कई इलाकों में हल्की बारिश का दौर जारी रहा। इस बारिश ने जहां हवा में नमी बढ़ा दी है वहीं खेतों में खड़ी फसलों पर इसका सीधा असर देखा जा रहा है।

नर्मदापुरम व इटारसी क्षेत्र में इस समय धान की फसल कटाई जारी हैकई स्थानों पर किसान कटाई हो चुकी है जबकि अन्य जगहों पर फसल अभी खेतों में खड़ी है। मौसम में आई नमी और लगातार हो रही बूंदाबांदी से धान की बालियों में मॉइस्चर बढ़ने की संभावना है जिससे फसल के झुकने (आड़ी होने) और क्वालिटी गिरने की आशंका है। किसान बताते हैं कि अगर मौसम इसी तरह दो-तीन दिन तक खराब रहा तो धान की गुणवत्ता प्रभावित होगी। इटारसी के किसान बाबू चौधरी ने बताया कि जिले में धान का रकबा काफी बड़ा है। अभी कई स्थानों पर खेतों में फसल कटाई के इंतजार में है। जो किसान कटाई कर चुके हैं उन्हें अब फसल को तुरंत फैलाकर सुखाने की जरूरत है, वरना नमी के कारण नुकसान होना तय है। मौसम विभाग के अनुसार, यह बदलाव बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने डिप्रेशन के कारण हुआ है। साथ ही वेस्टर्न डिस्टर्बेंस भी सक्रिय है, जिसके चलते प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। हवा में नमी अधिक होने से ठंड का असर फिलहाल कमजोर पड़ा है, हालांकि अगले दो से तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बने रहने की संभावना व्यक्त की गई है।

# केंद्रीय मंत्री गडकरी ने परिवार के साथ की जंगल सफारी




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी शनिवार दोपहर अपने निजी दौरे पर सतपुड़ा टाइगर रिजर्व पहुंचे है। यहां उन्होंने अपने परिवार के साथ रविवार सुबह मॉर्निंग सफारी की। केंदीय मंत्री श्री गड़करी परिवार सहित दो दिन रुककर जंगल सफारी करने यहां आएं है। शनिवार दोपहर 3 बजे नागपुर से धपाड़ा पहुंचने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री डीडी उईके, घोड़ा डोंगरी विधायक गंगाबाई उइके और एसटीआर फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा ने केंद्रीय मंत्री श्री गड़करी का स्वागत किया। इसके बाद गडकरी जिप्सी में बैठकर मल्लापुर बीट में जंगल सफारी के लिए रवाना हुए। दो घंटे की इवनिंग जंगल सफारी के बाद गडकरी धपाड़ा स्थित तथास्तु रिसॉर्ट पहुंचे। जिप्सी में केंद्रीय मंत्री गडकरी के अलावा उनकी पत्नी, फील्ड डायरेक्टर राखी नंदा समेत अन्य मौजूद रहे। सफारी पर जाने से पहले केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भीमकुंड गेट पर बोरी सहायक संचालक विनोद वर्मा से एसटीआर चूरना, बोरी और जंगल सफारी के बारे में जानकारी भी ली। केंद्रीय मंत्री गडकरी शनिवार दोपहर में नागपुर से रवाना होकर धापड़ा मार्ग से तथास्तु रिसॉर्ट पहुंचे। यहां से जैसी चूरजीजीना पहुंचे। वे यहां परिवार सहित रविवार शाम तक ठहरेंगे।

**मेट्रो एंकर**

### राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने पुलिस अधीक्षक से की मुलाकात, जिले में अवैध शराब, जुआ और सट्टे के बढ़ते कारोबार पर जताई चिंता

# मां नर्मदा की नगरी में अनैतिक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाएं

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

पवित्र नगरी नर्मदापुरम में अवैध शराब, जुआ और सट्टे जैसी सामाजिक बुराइयों के बढ़ते दायरे को लेकर अब राजनीतिक स्तर पर भी चिंता गहराने लगी है। शनिवार को राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा थोटा से मुलाकात की और क्षेत्र में तेजी से फैल रही इन अवैधानिक गतिविधियों पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

राज्यसभा सांसद ने नर्मदापुरम में बढ़ती अवैध शराब,जुआ और सट्टा जैसी अवैधानिक गतिविधियों पर चिंता व्यक्त की है।उन्होंने पुलिस अधीक्षक से इन सभी मामलों कड़ी कार्रवाई कर अवैध कारोबार पर रोक लगाने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा है कि मां नर्मदा की इस पावन नगरी नर्मदापुरम में सभ्य



नागरिक रहते है,इसलिए यहां किसी भी प्रकार की अनैतिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान राज्यसभा सांसद के साथ मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत,पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया,पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी,युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष दीपक माहला,सुमित गौर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### प्रतिबंधित शराब की हो रही बिक्री

नर्मदापुरम शहर में शराब बिक्री पर पहले से ही प्रतिबंध लागू है। सरकार ने शराब दुकानों को नगर सीमा से डेढ़ किलोमीटर दूर स्थानांतरित किया गया, किन्तु इसके बावजूद नगर क्षेत्र के भीतर अवैध शराब की बिक्री बेरोकटोक जारी है। स्थानीय निवासियों ने भी बार–बार शिकायत की है कि प्रतिबंध के बावजूद शराब की उपलब्धता आसानी से बनी हुई है। यह मामला पहले भी विधानसभा में उठ चुका है, लेकिन स्थिति में खास सुधार नहीं हुआ है। हाल ही में नर्मदापुरम के विधायक और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सीतासरण शर्मा ने नगर पालिका अध्यक्ष नीतू महेन्द्र यादव और भाजपा पदाधिकारियों के साथ एडिशनल एसपी से मुलाकात कर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के बाद नगर पुलिस ने अवैध शराब कारोबारियों पर कार्रवाई की थी, बाबजूद उसके स्थिति जस के तस बनी हुई है।

# कूड़ा गांव में जलसंकट : गुस्साए ग्रामीणों ने हाइवे जाम कर कहा-पानी दो

**डिंडौरी।** डिंडौरी के कूड़ा गांव में शनिवार सुबह करीब साढ़े दस बजे ग्रामीणों ने पानी की समस्या को लेकर जबलपुर-अमरकंटक नेशनल हाईवे जाम कर दिया। महिला-पुरुषों ने सड़क पर बर्तन रखकर विरोध प्रदर्शन किया, जिससे दोनों ओर सैकड़ों वाहन फंस गए। पुलिस ने एम्बुलेंस को रास्ता देकर निकाला। पीएचई विभाग के अधिकारियों की समझाइश के बावजूद ग्रामीण नहीं माने। डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम की समझाइश के बाद जाम खुल सका। ग्रामीण विधायक को गांव में नल-जल योजना की हकीकत दिखाने ले गए। पीएचई विभाग के एसडीओ ने तीन दिन में पानी की समस्या हल करने का आश्वासन दिया।



## यूनिफॉर्म में शराब खरीदने पहुंची छात्राएं



**मंडला।** जिले से हैरान कर देने वाला वीडियो सामने आया है। दरअसल,मंडला जिले के नैनपुर में छात्राएं स्कूल ड्रेस में शराब खरीदने पहुंची। दुकानदार ने उन्हें शराब बेच भी दी। इसका सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। वीडियो सामने आने के बाद एसडीएम आशुतोष ठाकुर ने दुकान का निरीक्षण किया। वीडियो में नजर आ रहा है कि कुछ छात्राएं स्कूल ड्रेस में शराब की दुकान के सामने पहुंचती हैं। इससे पहले वे अपने सिर पर दुपट्टा डाल लेती है। काउंटर से शराब खरीदने के बाद वहां से चली जाती हैं। एसडीएम ने स्कूली छात्राओं के शराब खरीदने की पुष्टि की है। आबकारी अधिकारी रामजी पांडे ने बताया कि शराब खरीदने वाली लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से कम है या अधिक, इसकी जांच की जाएगी। अवयस्क को शराब बेचना जीएलसी (जनरल लाइसेंस कंडीशन) का उल्लंघन है। पूरा प्रकरण तैयार कर निर्णय के लिए कलेक्टर को भेजा जा रहा है।

## जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान तो ग्रामीण खुद ही बनाने लगे सड़क



जबलपुर, दोपहर मेट्रो

जबलपुर-सिवनी जिले के दो दर्जन से अधिक गांव के ग्रामीण महज तीन किलोमीटर की सड़क के लिए 40 किलोमीटर का चक्कर लगा रहे हैं। हाईवे से कनेक्टिविटी की मांग भी की गई लेकिन सिस्टम ने अनदेखी की तो ग्रामीण खुद उतरे और बना डाली सड़क। मामला जबलपुर जनपद की ग्राम पंचायत हुलकी का है, जहां वर्षों से सिवनी और जबलपुर जिले के आदिवासी मात्र 3 किलोमीटर की सड़क के लिए सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटते रहे, पर समाधान नहीं मिला।

ग्रामीणों ने सड़क के लिए जनसुनवाई से लेकर सीएम हेल्पलाइन तक गुहार लगा चुके थे। धरना-प्रदर्शन से लेकर भूख हड़ताल भी की लेकिन, बात नहीं बनी। अधिकारियों ने वन विभाग की जमीन बताकर कन्नी काट लिया, लिहाजा बच्चों से लेकर बुजुर्ग सभी ने मिलकर चंद दिनों के भीतर जंगल के बीच से बना तीन किलोमीटर की सड़क बना दी। अब ग्रामीणों को 40 किलोमीटर का चक्कर नहीं लगाना होगा। ग्रामीण का कहना है कि कई बार मुख्यमंत्री,कलेक्टर और स्थानीय विधायक से ज्ञापन के माध्यम से गुहार लगाई, पर किसी ने नहीं सुनी।




### संभाग का अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ, मंत्री पटेल बोले-

# रोटरी डायग्नोस्टिक सेंटर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बड़ा संकल्प लेकर कार्य करें

सागर, दोपहर मेट्रो

रोटरी क्लब द्वारा संचालित संभाग के अत्याधुनिक रोटरी डायग्नोस्टिक सेंटर का शुभारंभ पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि रोटरी क्लब का यह संकल्प स्वास्थ्य क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि सागर शहर सहित संपूर्ण बुंदेलखंड के नागरिकों को अब अत्याधुनिक जांच सुविधाएं एक ही छत के नीचे सुलभ होंगी। पहले जिन जांचों में सात दिन लगते थे, अब वे मात्र तीन दिनों में पूरी होंगी, वह भी 20 प्रतिशत की छूट के साथ। यह कदम मरीजों और उनके परिजनों के लिए बड़ा राहत भरा होगा। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने रोटरी क्लब को समाजसेवा और



जनसेवा का पर्याय बताया। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा संचालित यह केंद्र जनता को समय पर जांच और इलाज की सुविधा उपलब्ध कराएगा। रोटरी जहां जुड़ता है, वहां सेवा अपने आप आ जाती है।विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि यह केंद्र सागर की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। डायग्नोस्टिक सेंटर के निदेशक आकाश बजाज एवं मुकेश साहू ने बताया कि केंद्र में नवीनतम तकनीक की फुली ऑटोमेटिक मशीनें स्थापित की गई हैं। यहां एक ही छत के नीचे इको, फार्मेसी, डॉक्टर ओपीडी, ब्लड बैंक सहित सभी जांच सुविधाएं उपलब्ध होंगी। विशेष रूप से मॉलेक्युलर पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी और कैंसर जांचें, जो पहले सागर में संभव नहीं थीं, अब यहीं की जा सकेंगी। रिपोर्ट मात्र 2 से 3 दिनों में उपलब्ध होगी। सभी जांचें एमडी पैथोलॉजिस्ट डॉ. नैंसी के सुपरविजन में की जाएंगी, जिससे परिणाम सटीक और विश्वसनीय रहेंगे। इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, गौरव सीरोठिया, सर्वजीत सिंह, आदित्य पटेल, स्वर्णलता खन्ना, सचिन चतुर्वेदी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विवेक के.वी., अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा, ज्योति पांडे, सहित बड़ी संख्या में चिकित्सक, रोटरी क्लब सदस्य एवं नागरिक उपस्थित रहे।

## रील बनाकर धमकाने वाले पकड़ाए



**उज्जैन।** सोशल मीडिया पर आपराधिक रील बनाकर डराने धमकाने वालों पर उज्जैन पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सामूहिक माफी मंगवाई। पुलिस कंट्रोल रूम पर 50 से अधिक रिकॉर्डधारियों ने कान पकड़कर माफी मांगी है।कान पकड़कर नारे लगाते हुए बदमाशों ने एक साथ कहा अपराध करना पाप है, पुलिस हमारी बाप है। इस दौरान पुलिस ने सभी को सोशल मीडिया के उपयोग शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और सकारात्मकता फैलाने के लिए किया जाना चाहिए। गलत संदेश फैलाने से बचने की सलाह दी। कार्रवाई में सोशल मीडिया पर आपराधिक और हथियारों के प्रदर्शन की रील पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की गई।

## एम्बुलेंस पुलिया से नीचे गिरी, दो की मौत



मंदसौर। जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर देर रात एक एम्बुलेंस पुलिया से नीचे जा गिरी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल है। एम्बुलेंस सीतामऊ तहसील के ग्राम सेदरा माता के पास मरीजों को लेकर जा रही थी जानकारी के मुताबिक हादसा शुक्रवार देर रात करीब 12 बजे हुआ था। पुलिया के नीचे गिरने के कारण रातभर किसी को इसकी जानकारी नहीं मिल पाई। शनिवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की ओर जा रहे थे, तब उन्होंने पुलिया के नीचे एम्बुलेंस को देखा और फौरन पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद घायल ड्राइवर को बाहर निकाला। ड्राइवर रातभर एम्बुलेंस के अंदर फंसा रहा। एम्बुलेंस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था, जिसके कारण उसे निकालने में काफी दिक्कत हुई। ट्रैक्टर से एम्बुलेंस को खींचकर बाहर निकाला गया।

# राजनीति में उन्होंने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया: सुरेश

### डॉ. उमाशंकर शुक्ल की स्मृति का आयोजन

सागर, दोपहर मेट्रो

शहर के वरिष्ठ पत्रकार रहे एवं समाजसेवी डॉ. उमाशंकर शुक्ल की स्मृति का आयोजन श्यामलम संस्था के तत्वाधान में सिविल लाइन स्थित होटल में किया गया।

इस आयोजन के मुख्य अतिथि चिंतक पं. शुकदेव प्रसाद तिवारी थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर अग्निहोत्री ने की।सारस्वत अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय के हिंदी के पूर्व विभाग अध्यक्ष डॉ. सुरेश आचार्य एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश हिंदी साहित्य सम्मेलन सागर के अध्यक्ष आशीष ज्योतिषी उपस्थित रहे.कार्यक्रम परिचय देते हुए श्यामलम संस्था के अध्यक्ष उमाकांत मिश्र नें स्मृति आयोजन की महत्ता पर प्रकाश डाला। सरस्वती वंदना डाँ नलिन जैन बिट्टी नें की। इस अवसर पर डॉ. सुरेश आचार्य ने कहा कि उमाशंकर शुक्ल की बुंदेली भाषा पर




अच्छी पकड़ थी। राजनीति में उन्होंने कभी झुकना स्वीकार नहीं किया। मुख्य अतिथि शुकदेव प्रसाद तिवारी ने कहा कि डॉ. शुक्ला से मेरे मित्रवत संबंध रहे हैं,उनके द्वारा लिखी गई कहानियाँ हमेशा जीवंत रहेंगी विशिष्ट अतिथि आशीष ज्योतिषी ने कहा कि उस समय के साहित्यकार ही पत्रकार होते थे, उनके अंदर मानवीय संवेदनाएं होती थी। मुझे लगता है कि उनके अंदर के अक्खड़ स्वभाव ने उन्हें राजनीति में स्थान बनाने से रोका। अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता जवाहर अग्निहोत्री ने कहा कि मैं उनसे अंतरंग रूप से जुड़ा था,उनके जीवन की छोटी-छोटी बातें भी मुझसे साझा हुई हैं। वे कांग्रेस के सदस्य थे,परंतु वहां भी गलत को गलत कहने में कभी हिचके नहीं। इस अवसर पर डॉ. शुक्ला की पौत्रियों डॉ. ईशा गंजू और सौम्या शुक्ल ने अपने दादा सें जुड़े संस्मरणों को साझा किया। वहीं वरिष्ठ पत्रकार रविंद्र नारायण सिलाकारी ने पत्रकारिता में उनके साथ बिताए समय को याद किया। कार्यक्रम का संचालन श्यामलम के कार्यकारिणी सदस्य रमाकांत शास्त्री ने किया एवं आभार ऑस्ट्रेलिया से पधारे निहित व्यास ने व्यक्त किया। इस अवसर पर के के सिलाकारी,लक्ष्मी नारायण चौरसिया, वीरेंद्र प्रधान, हरि सिंह ठाकुर, डॉ राजेश शुक्ला,मुकेश तिवारी,ममता भूरिया, पुष्पेंद्र दुबे, सुबोध ताम्रकार,हरि शुक्ला, संतोष पाठक व शुक्ला के परिजन उपस्थित रहे।

## कलेक्टर भव्या मित्तल के नाम से साइबर ठगी की कोशिश

खरगोन, दोपहर मेट्रो

जिले में साइबर ठगों की नई करतूत सामने आई है। ठगों ने कलेक्टर भव्या मित्तल के नाम से लोगों को मैसेज भेजकर ठगी की कोशिश की है। यह मामला सामने आने के बाद प्रशासन ने नागरिकों से सतर्क और सावधान रहने की अपील की है। जानकारी के अनुसार, साइबर ठग एक मोबाइल नंबर 84339410118 से लोगों को संदेश भेज रहे थे। इन संदेशों में खुद को कलेक्टर बताकर लोगों से विश्वास हासिल करने की कोशिश की जा रही थी। कई लोगों को इस नंबर से संदिग्ध कॉल और मैसेज प्राप्त हुए, जिसके बाद मामला प्रशासन के संज्ञान में आया। प्रशासन ने बताया कि यह नंबर पूरी तरह फर्जी है और इसका किसी भी प्रकार से जिला प्रशासन या कलेक्टर कार्यालय से कोई संबंध नहीं है। नागरिकों को सलाह दी गई है कि यदि इस नंबर से किसी के पास कॉल या मैसेज आता है, तो तुरंत इसे ब्लॉक करें और साइबर सेल में शिकायत दर्ज करें। कलेक्टर भव्या मित्तल ने इस मामले पर गंभीरता दिखाते हुए स्वयं लोगों से अपील की है कि किसी भी संदिग्ध संदेश या कॉल पर भरोसा न करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन से संबंधित कोई भी सूचना या निर्देश केवल आधिकारिक माध्यमों से ही जारी किए जाते हैं।

## 57 डिफाल्टर हितग्राहियों के बैंक खाते होंगे फ्रीज

**सागर।** नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राही मिले हैं जिन्हें आवास निर्माण के लिए किश्त की राशि दी गई। लेकिन उन्होंने न तो आवास निर्माण प्रारंभ नहीं कराया बल्कि नगर से बाहर चले गए। यह खुलासा निगम के सर्वे में हुआ है। ऐसे डिफाल्टर 57 हितग्राहियों के बैंक खाते फ्रीज किए जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश पर सर्वे किया जा रहा है। सर्वेक्षण एजेंसी द्वारा दी गई रिपोर्ट अनुसार 57 हितग्राही ऐसे हैं जो शहर से बाहर अन्यत्र चले गए हैं. इन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं कराया है। नगर निगम आयुक्त ने शहर से बाहर जाने वाले ऐसे सभी 57 डिफाल्टर हितग्राहियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विभिन्न बैंकों में उनके खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम क्षेत्र स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के ऐसे हितग्राहियों की जांच की जा रही है जिन्होंने किश्त की राशि प्राप्त होने के बावजूद भी अपने आवास का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया है।

## स्कूटी से आए बदमाश महिला के गले से मंगलसूत्र झपटकर ले गए

सागर, दोपहर मेट्रो

सरे राह चेन झपटने के मामले सामने आ रहे हैं. शहर व उपनगर मकरोनिया में एक बार फिर लुटेरे सक्रिय हैं। मकरोनिया में गत दिवस स्कूटी से आए तीन बदमाश महिला का मंगलसूत्र छीनकर भाग निकले। जिससे महिला के गले में भी खरोंच आ गई. इस तरह बदमाशों के बेखौफ घूमने और वारदात करने से पुलिसिंग पर सवाल उठना लाजमी है। मकरोनिया में आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों की गतिविधियां ज्यादा हैं। इस वारदात को लेकर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है। मकरोनिया पुलिस के अनुसार राहतगढ़ निवासी विमला सिंह 24 अक्टूबर की शाम करीब 6 बजे अपनी भाभी राधा सिंह के साथ रजाखेड़ी रोड पर चक्की वाले की दुकान के पास पैदल कपड़े लेने जा रही थीं, तभी सामने से एक लड़का ग्रे सिल्वर रंग की स्कूटी से रफ्तार में आया और गले से मंगल सूत्र में लगा सोने का पैंडल अचानक झपटकर भाग निकला। उसके साथ कुछ और युवक थे। बदमाश सोने का पैंडल छीनकर स्कूटी से रजाखेड़ी तरफ भाग थे। पैंडल की कीमती करीब 30 हजार रुपए आंकी गई है। मकरोनिया थाना प्रभारी रावेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि वारदात में तीन युवकों के शामिल होने का अनुमान है। सीसीटीवी फुटेज मिले हैं जिसमें स्कूटी पर तीन युवक आते दिख रहे हैं। इनकी जानकारी जुटाई जा रही है। बदमाशों के संबंध में पुलिस को कुछ अहम सुराग मिले हैं।

**मेट्रो एंकर** 1 से 5 नवंबर तक होगा प्रतियोगिता का आयोजन, प्रदेश के सभी संभागों की टीमें होंगी शामिल

# राज्य स्तरीय नेटबॉल व बॉल-बैडमिंटन प्रतियोगिता को लेकर तैयारियां शुरू

अजय आहूजा, मंडीदीप

शहर में आगामी 1 से 5 नवंबर तक आयोजित होने वाली 69वीं राज्य स्तरीय नेटबॉल (14 वर्ष बालक/बालिका) एवं बॉलबैडमिंटन (14, 17, 19 वर्ष बालक/बालिका) प्रतियोगिता की तैयारियों के लिए शासकीय बालक हायर सेकण्डरी स्कूल, मंडीदीप में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मोनिका पटेल, सहायक संचालक, जिला रायसेन ने की।

बैठक में जिले के खेल अधिकारी राजेश यादव, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एस.एन. चौहान, बालक स्कूल की प्राचार्य नीरज श्रीवास्तव, प्रतिभा त्रिवेदी, प्राचार्य शासकीय कन्या उमावि, मंडीदीप विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आवास, मैदान, भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक में तय किया गया कि बालिका वर्ग की सभी टीमों के लिए ग्रेफाइट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आवास व्यवस्था सुनिश्चित की गई, जबकि बालक वर्ग के लिए विभिन्न शासकीय एवं



अशासकीय विद्यालयों को जिम्मेदारी सौंपी गई। मोनिका पटेल ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन समारोह चावरा विद्या भवन स्कूल में और समापन समारोह ग्रेफाइट स्कूल में आयोजित होगा। वही सभी खेल प्रतियोगिताएं शासकीय खेल मैदान मंगल बाजार में आयोजित की जाएंगी। बैठक में विशेष रूप से भोजपुर स्पोर्ट्स अकादमी के अध्यक्ष मिथलेश रघुवंशी, खेल प्रशिक्षक एमआर नामदेव, कुलवंत बागड़ी, स्कूल संचालक देवेंद्र अजमेरा, कपिल देव सिंह चौहान, अखिलेश भार्गव सहित विभिन्न स्कूलों के खेल शिक्षक एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### एमएलएस कप : मेसी का डबल धमाका

# इंटर मियामी ने प्लेऑफ के पहले मैच में नैशविले को हराया, हुए सम्मानित भी



**मियामी ।** लियोनेल मेसी के शानदार प्रदर्शन के साथ इंटर मियामी ने एमएलएस कप के पहले राउंड के प्लेऑफ सीरीज के शुरुआती मैच में शानदार जीत दर्ज की। मेसी के दो गोल ने इंटर मियामी को नैशविले एससी पर 3-1 से शानदार जीत दिलाई। यह मुकाबला शुक्रवार रात फोर्ट लॉडरडेल में खेला गया। आठ बार के बैलन डीओर विजेता लियोनेल मेसी को मैच शुरू होने से पहले 28 मुकाबलों में 29 गोल करने के लिए गोल्डन बूट पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नैशविले एससी के खिलाफ मुकाबले के 19वें मिनट में मेसी ने लुइस सुआरेज के क्रॉस पर डाइविंग हेडर लगाकर गोल किया। इसी के साथ मैच का खाता भी खुला। यह शानदार मूव सर्जियो बुस्केट्स के साइडलाइन के पास गेंद छीनने से शुरू हुआ, जिन्होंने फिर रोड्रिगो डे पॉल को पास दिया। डे पॉल ने मेसी और सुआरेज के साथ शानदार तालमेल बनाते हुए यह गोल किया। मुकाबले के 62वें मिनट इंटर मियामी ने अपनी बढ़त दोगुनी कर ली। जब इयान फ्रे की मदद से तादेओ अलेंदे ने हेडर से गोल करके मियामी को 2-0 से बढ़त दिलाई। मेसी ने 90+6 मिनट में मुकाबले का अपना दूसरा गोल दागकर स्कोर 3-0 कर दिया, लेकिन अतिरिक्त समय के 11वें मिनट में हनी मुख्तार ने गोल करते हुए आखिरकार नैशविले का खाता खोला। इस जीत से मियामी ने बेस्ट-ऑफ-थ्री सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। दूसरा मैच 1 नवंबर को नैशविल में खेला जाएगा।

### अनुबंध विस्तार से पहले किया धमाका

मेसी ने 3 साल के अनुबंध विस्तार पर हस्ताक्षर करने के ठीक एक दिन बाद यह मैच खेला। वह अब साल 2028 तक फ्लोरिडा में बने रहेंगे। मैच से पहले मेसी को गोल्डन बूट ट्रॉफी प्रदान करने वाले एमएलएस कमिश्नर डॉन गार्बर ने अमेरिकी फुटबॉल पर मेसी के प्रभाव की बहुत प्रशंसा करते हुए कहा, मुझे नहीं लगता कि हमने कभी सोचा भी होगा कि लियो इस क्लब, इस शहर और इस लीग के लिए इतना अच्छा प्रदर्शन कर पाएंगे। उन्होंने मेजर लीग सॉकर की दिशा बदल दी है। हम पहले से ही काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहे थे।

## अगले महीने केरल दौरे पर नहीं आएंगे लियोनल मेसी, अर्जेंटीना फुटबॉल टीम का कोच्चि में मैच स्थगित

**कोच्चि।** अर्जेंटीना के स्टार फुटबॉलर लियोनल मेसी को खेलते देखने को उत्सुक भारतीय प्रशंसकों को निराशा मिली है क्योंकि यह खिलाड़ी अगले महीने केरल दौरे पर नहीं आएगा। इस मैच के आयोजन ने शनिवार को इसकी जानकारी दी है। इससे पहले इस प्रस्तावित फुटबॉल मैच के प्रायोजक एंटो ऑगस्टीन ने केरल के खेल विभाग के साथ मिलकर घोषणा की थी कि मेसी के नेतृत्व वाली अर्जेंटीना की टीम 17 नवंबर को कोच्चि में एक मैत्री मैच खेलेगी। ऑगस्टीन ने हालांकि अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट कर यह घोषणा की है कि अर्जेंटीना का यह मैत्री मैच अगले महीने नहीं होगा। ऑगस्टीन ने लिखा, फीफा की अनुमति मिलने में देरी को देखते हुए अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन (एएफए) के साथ चर्चा के बाद इस मैच को नवंबर की विंडो से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

### सिडनी में भारत का 9 साल का सूखा खत्म, 9 विकेट से जीता भारत

# हर्षित राणा बने गेमचेंजर, फिर रोहित-कोहली ने किया प्रहार...

**सिडनी, एजेंसी**

शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सिडनी वनडे में 9 विकेट से शानदार जीत हासिल की। शनिवार को हुए इस मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम को जीत के लिए 237 रनों का टारगेट दिया था, जिसे उसने 69 गेंद बाकी रहते हासिल कर लिया। भारतीय टीम तीन मैचों की वनडे सीरीज को पहले ही गंवा चुकी थी, ऐसे में उसने आखिरी मुकाबला जीत सम्मानजक तरीके से सीरीज का अंत किया।

सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर वनडे इंटरनेशनल में भारतीय टीम की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ये सिर्फ तीसरी जीत रही। 9 साल बाद भारत इस मैदान पर ओडीआई मैच जीता है। इससे पहले सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत की आखिरी ओडीआई जीत 23 जनवरी 2016 को आई थी। उसके बाद भारत ने इस मैदान पर ऑस्ट्रेलिया के विरुद्ध लगातार तीन ओडीआई मैच गंवाए, फिर ये जीत मिली। भारत ने इस मैदान पर ऑस्ट्रेलियाई टीम की वनडे इंटरनेशनल में लगातार 6 जीत का सिलसिला भी थाम दिया। भारत की जीत में इन 5 चीजों की अहम भूमिका रही। ऑस्ट्रेलियाई टीम का स्कोर एक समय 33।3 ओवरों में चार विकेट पर 183 रन था। ऐसे में लग रहा था कि कंगारू टीम बड़ा स्कोर बना सकती है, लेकिन तेज गेंदबाज हर्षित राणा की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने शानदार खेल दिखाया। हर्षित ने 8।4 ओवरों की गेंदबाजी में सिर्फ 39 रन दिए और उन्होंने चार विकेट अपनी झोली में डाले। बाकी के गेंदबाजों (कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वॉशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और अक्षर पटेल) ने भी विकेट लिए।



### रोहित शर्मा का अटैकिंग क्रिकेट

एडिलेड वनडे में 73 रनों की पारी खेलने के बाद रोहित शर्मा का आत्मविश्वास सातवें आसमान पर था। इस मैच में रोहित शुरुआत से आक्रामक मूड में नजर आ रहे थे। शुभमन गिल से साथ उनकी 69 रनों की ओपनिंग साझेदारी हुई, जिसमें भारतीय कप्तान ने केवल 24 रन बनाए थे। यानी ज्यादा योगदान रोहित का था। गिल के आउट होने के बाद भी रोहित रुके नहीं और अपने वनडे करियर का 33वां शतक जड़कर भारत की जीत आसान कर दी। रोहित ने 125 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 121 रनों की पारी खेली। इस दौरान उनके बल्ले से 13 चौके और तीन छक्के निकले।

### किंग कोहली का भी दिखा स्वैग-

विराट कोहली पहले दो मैचों में खाता नहीं खोल पाए थे, ऐसे में दबाव उनपर काफी था। कोहली ने जैसे ही पहला रन बनाया, उनका रिएक्शन देखने लायक था। उस रन के बाद मानो उनपर से सारा दबाव हट गया। फिर कोहली ने पसंदीदा शॉट्स लगाए। कोहली और रोहित शर्मा के बीच 168 रनों की नाबाद साझेदारी हुई। कोहली ने 81 गेंदों का सामना करते हुए नाबाद 74 रन बनाए, जिसमें सात चौके शामिल रहे। भारतीय टीम की फील्डिंग भी कुल मिलाकर इस मुकाबले में शानदार रही। श्रेयस अय्यर ने पीछे की ओर भागते हुए एलेक्स कैरी का शानदार कैच लिया। वहीं विराट कोहली ने भी चीते जैसी फुर्ती दिखाते हुए मैथ्यू शॉर्ट का कैच लपका।

### रोहित शर्मा का 50वां शतक, विराट कोहली ने बनाए बड़े रिकॉर्ड

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच वनडे सीरीज भले ही कंगारू टीम के नाम रही हो, लेकिन आखिरी मुकाबला पूरी तरह भारतीय दिग्गजों रोहित शर्मा और विराट कोहली के रिकॉर्ड्स से सजा रहा। दोनों खिलाड़ियों ने अपने-अपने मील के पत्थर छूते हुए इतिहास के पन्नों में नया अध्याय जोड़ा।

सिडनी क्रकेट ग्राउंड पर कप्तान रोहित शर्मा ने 121 रन की बेहतरीन पारी खेलते हुए अपने इंटरनेशनल करियर का 50वां शतक पूरा किया। यह उनका वनडे में 33वां शतक था। इसके साथ ही वे 50 इंटरनेशनल सेंचुरी लगाने वाले दुनिया के सिर्फ 10वें बल्लेबाज बने। इस पारी के साथ उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर (49 शतक) को भी पीछे छोड़ दिया। रोहित ने इस मुकाबले में न केवल शतक लगाया बल्कि वनडे में अपने 100 कैच पूरे करते हुए भारत के छठे ऐसे फील्डर बन गए जिन्होंने यह उपलब्धि हासिल की। दूसरी ओर, विराट कोहली ने भी अपने नाम कई अहम रिकॉर्ड दर्ज किए। उन्होंने सिडनी वनडे में 74 रन की पारी खेलकर व्हाइट बॉल क्रकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। इस मामले में उन्होंने महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। अब कोहली के नाम 18,443 रन दर्ज हैं, जबकि सचिन के नाम 18,436 रन थे। वनडे रन चेज में भी कोहली ने नया मुकाम हासिल किया।

### निकहत, जैस्मिन, मीनाक्षी खेलेंगी

## विश्वकप में नहीं खेल सकेंगी मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन

**नई दिल्ली।** ग्रेटर नोएडा में अगले माह होने वाले विश्व कप फाइनल्स से पहले भारतीय मुक्केबाजी टीम को बड़ा झटका लगा है। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन नहीं खेलेंगी। विश्व कप फाइनल्स में प्रत्येक भार वर्ग में दुनिया के शीर्ष आठ मुक्केबाज ही खेलने उतरेंगे।



लवलीना ने विश्व कप फाइनल्स के लिए क्वालिफाई किया था और वह यहां पदक की भी दावेदार थीं, लेकिन नाक की बढ़ी हुई हड्डी के कारण उन्होंने इस टूर्नामेंट से हटने का फैसला लिया है। वह अपनी नाक की सर्जरी कराने जा रही हैं। लवलीना विश्व कप फाइनल्स की तैयारियों के लिए एनआईएस पटियाला में चल रहे तैयारी शिविर में भी शामिल नहीं हुईं। 2023 की विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण पदक विजेता लवलीना ने भारतीय मुक्केबाजी महासंघ को इस टूर्नामेंट में नहीं खेलने के बारे में सूचित कर दिया है। उनके भार वर्ग 75 किलो में अब पूर्व विश्व चैंपियन स्वीटी इस टूर्नामेंट में खेलने उतरेंगी। चैंपियनशिप में दो बार की विश्व चैंपियन निकहत जरीन (51), लिवरपूल में विश्व चैंपियन बनने वाली जैस्मिन (57), इसी चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतने वाली मीनाक्षी हुड्डा (48), रजत जीतने वाली नुपुर श्योराण (+80) और कांस्य जीतने वाली पूजा रानी (80) शीर्ष 8 में रहते हुए विश्व कप फाइनल्स में खेलेंगी।

### भारत-अफ्रीका सीरीज से पहले टीम इंडिया को लगा बड़ा झटका

## 3 हफ्ते मैदान से दूर रहेंगे श्रेयस अय्यर कैच लेते समय बाईं पसली में लगी चोट



**नई दिल्ली।** टीम इंडिया को एक बड़ा झटका लगा है। वनडे टीम के नए उप-कप्तान श्रेयस अय्यर सिडनी में खेले गए तीसरे वनडे मैच के दौरान घायल हो गए। अय्यर को हर्षित राणा की गेंद पर एलेक्स कैरी का कैच लेते समय बाईं पसली में चोट लगी। शुरुआती रिपोर्ट के अनुसार, उन्हें कम से कम तीन हफ्ते तक मैदान से दूर रहना पड़ सकता है। यह घटना शनिवार को हुई जब अय्यर डीप स्क्वायर लेग पर फील्डिंग कर रहे थे। कैरी का शॉट तेजी से उनकी ओर आया और उन्होंने शानदार डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया, लेकिन उसी दौरान उनकी पसली पर जोरदार झटका लगा। तुरंत ही मेडिकल टीम मैदान में आई और अय्यर को एहतियातन स्कैन के लिए सिडनी के एक अस्पताल ले जाया गया। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई को बताया, श्रेयस को मैच के दौरान ही अस्पताल भेजा गया था। शुरुआती स्कैन रिपोर्ट में संकेत मिला है कि उन्हें पसली में चोट लगी है। उन्हें कम से कम तीन हफ्ते तक आराम की सलाह दी गई है। अगर यह हेयरलाइन फ्रैक्चर निकला, तो रिकवरी में और अधिक समय लग सकता है। सूत्रों ने बताया कि अय्यर की वापसी के बाद उन्हें 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' में रिपोर्ट करना होगा, जहां उनकी फिटनेस की आगे जांच की जाएगी। रिपोर्ट आने के बाद ही तय होगा कि वह टीम इंडिया में कब वापसी कर सकते हैं।

### मनोरंजन | बॉलीवुड का कोना

मशहूर अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म थामा थिएटर में लगी है। इस फिल्म को दर्शकों का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। हाल ही में रश्मिका मंदाना के परिवार ने भी यह फिल्म देखी। फिल्म देखने के बाद रश्मिका के परिवार का रिएक्शन कैसा था, यह अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ शेयर किया। रश्मिका मंदाना ने बताया कि उनकी लेटेस्ट हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा को देखने के बाद उनके पैरेंट्स ने इसे रश्मिका की अब तक की बेस्ट फिल्म बताया। उनकी बहन ने भी इस फिल्म को खूब इंजॉय किया। रश्मिका ने बताया कि फैमिली की प्रतिक्रिया जानने के बाद उनको बड़ा सुकून मिला।

## रश्मिका मंदाना के पैरेंट्स ने देखी थामा, बोले- ये हमारी बेटी की बेस्ट फिल्म



थामा स्टार रश्मिका मंदाना ने आईएएनएस से कहा, मेरी फैमिली ने यह फिल्म देखी। इसे देखने के बाद उन्होंने कहा कि यह मेरी अब तक देखी गई सबसे बेहतरीन फिल्म है। मेरे पेरेंट्स को यह बहुत पसंद आई और मेरी बहन भी बेहद खुश है। उसके मन में ढेरों सवाल हैं, जिनके जवाब देने के लिए मुझे उसे अमर सर (निर्माता अमर कौशिक) और आदित्य सर (निर्देशक आदित्य सरपोतदार) से मिलवाना चाहिए। उसने इसका भरपूर आनंद लिया है, जिससे मुझे सचमुच सुकून मिला है।थामा ने अब तक करीब 76 करोड़ रुपए का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन किया है। यह फिल्म दुनिया भर में 100 करोड़ रुपए कमाने के आंकड़े की ओर तेजी से बढ़ रही है। थामा में रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की जोड़ी पहली बार पर्दे पर दिखाई दी है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी विलेन का किरदार निभा रहे हैं। यह 'बेताल' की एक काल्पनिक दुनिया पर आधारित है। इस फिल्म में वरुण धवन का कैमियो भी है। इसमें वह अपनी फिल्म भेड़िया के रोल में दिखाई दिए हैं। फिल्म को मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनाया गया है और ये उनकी हॉरर यूनिवर्स की पांचवीं फिल्म है। इससे पहले मैडॉक स्त्री, स्त्री-2, भेड़िया, और मुंज्या बना चुके हैं और चारों ही फिल्मों ने अच्छी कमाई की।



## रानी चटर्जी हुईं इमरान हाशमी की दीवानी गुनगुनाया आशिक बनाया आपने का गाना

भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार रानी चटर्जी हमेशा से अपने अभिनय और स्टाइल के लिए सुर्खियों में रहती हैं। उनके फैंस उन्हें बड़े पर्दे पर देखना तो पसंद करते ही हैं, साथ ही सोशल मीडिया पर भी उनका हर पोस्ट और वीडियो चर्चा में आ जाता है। रानी की अदाएं और उनका सहज अंदाज उन्हें दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय बनाता है। चाहे बड़े रोमांटिक सीन हों या हल्की-फुल्की कॉमिक एंट्री, रानी हर रोल में खुद को पूरी तरह से ढाल लेती हैं। उनके फैंस हर नए पोस्ट का बेसब्री से इंतजार करते हैं। रानी ने इंस्टाग्राम पर एक खास वीडियो पोस्ट किया, जिसमें वह बॉलीवुड फिल्म आशिक बनाया आपने के मशहूर गाने पर लिपसिंक करती नजर आईं। बता दें कि इस गाने को इमरान हाशमी, तनुश्री दत्ता और सोनू सूद पर फिल्माया गया था। रानी ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, इस गाने का फील सिर्फ इमरान हाशमी के फैंस ही समझ सकते हैं। वीडियो में उनके एक्सप्रेशन्स, स्टाइल और मस्ती भरे अंदाज को देखकर फैंस ने जमकर तारीफ की और कहा कि उन्होंने पुराने हिट गाने को अपने अंदाज में नई जान दे दी है। बता दें कि रानी चटर्जी का फिल्मी करियर 2004 में रिलीज हुई भोजपुरी फिल्म ससुरा बड़ा पइसावाला से शुरू हुआ, जिसने कई रिकॉर्ड तोड़े और उन्हें दर्शकों के बीच पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने लगातार हिट फिल्मों में काम किया और खुद को भोजपुरी सिनेमा की क्वीन के रूप में स्थापित किया। उनकी कुछ प्रमुख और सफल फिल्मों में सीता, देवरा बड़ा सतावेला, गंगा यमुना सरस्वती, नागिन, रानी नंबर 786, दरिया दिल, रानी बनल ज्वाला, घरवाली बाहरवाली, रियल इंडियन मदर, रानी वेड्स राजा और लेडी सिंघम शामिल हैं।



### मेट्रो बाजार

## सोना और चांदी फिर सस्ते हुए कीमतें लगातार तीसरे दिन घटीं

**नई दिल्ली ।** सोने और चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखने को मिली है, जिससे 24 कैरेट सोने का दाम 1.22 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी की कीमतें 1.50 रुपए प्रति किलो से नीचे आ गई हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत घटकर 1,21,518 रुपए हो गई है। इससे पहले सोने की कीमत 1,23,354 रुपए प्रति 10 ग्राम थी, जो सोने की कीमतों में 1,836 रुपए की कमी को दर्शाता है।

22 कैरेट के 10 ग्राम सोने की कीमत कम होकर 1,11,310 रुपए हो गई है, जो कि इससे पहले 1,12,992 रुपए प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई थी। वहीं, 18 कैरेट के 10 ग्राम सोने का दाम कम होकर 91,139 रुपए हो गया है, जो कि पहले 92,516 रुपए प्रति 10 ग्राम था। सोने के साथ चांदी की कीमतों में भी गिरावट देखी गई है। चांदी की कीमत 4,417 रुपए घटकर 1,47,033 रुपए प्रति किलो हो गई है, जो कि पहले 1,51,450 रुपए प्रति किलो थी। हाजिर के साथ वायदा बाजार में भी सोने और चांदी में तेजी देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.41 प्रतिशत कम होकर 1,22,356 रुपए हो गया है। वहीं, चांदी की कीमतें 05 दिसंबर 2025 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 1.42 प्रतिशत कम होकर 1,46,410 रुपए था। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कॉमैक्स पर भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 702 अरब डॉलर हुआ, गोल्ड रिजर्व भी बढ़ा

**मुंबई।** दिवाली के बाद देश में खुशी का माहौल है, क्योंकि भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में जबरदस्त उछाल देखने को मिला है। आरबीआई के आंकड़ों को मानें तो भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 4.5 अरब डॉलर बढ़कर 702.3 अरब डॉलर हो गया। हालांकि यह अभी सितंबर 2024 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर को पीछे नहीं छोड़ पाया है।



आरबीआई द्वारा जारी किए आंकड़ों के अनुसार सोने की लगातार खरीदारी के कारण देश के गोल्ड रिजर्व 6 अरब डॉलर से बढकर 108.5 अरब डॉलर हो गया है। केंद्रीय बैंक के अनुसार, समीक्षा अवधि में भारत का गोल्ड रिजर्व, जो कि विदेशी मुद्रा भंडार का हिस्सा होता है। इसमें बढ़ोतरी की वजह सोने की कीमतों में इजाफा होना और केंद्रीय बैंक द्वारा खरीद का बढ़ना है। फॉरेन करेंसी एसेट्स, जो कि विदेशी मुद्रा भंडार का सबसे बड़ा हिस्सा होती हैं, 1.7 अरब डॉलर गिरकर 570.4 अरब डॉलर हो गई हैं। ये एसेट्स यूरो, पाउंड और येन जैसी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव से प्रभावित होती हैं। आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, इस सप्ताह के दौरान अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में भारत की रिजर्व पॉजिशन 3 करोड़ डॉलर घटकर 4.62 अरब डॉलर रह गई है। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड रिजर्व की हिस्सेदारी बढ़कर 14.7 प्रतिशत हो गई है, जो कि कई दशकों का उच्चतम स्तर है। बीते एक दशक में देश के विदेशी मुद्रा भंडार में गोल्ड की हिस्सेदारी दोगुनी हो गई है, जो कि पहले 7 प्रतिशत थी।

## न्यूज विंडो

### झारखंड में बच्चों को संक्रमित खून चढ़ाने से मचा हड़कंप, एचआईवी पॉजिटिव 6 बच्चों की दोबारा होगी जांच



**चाईबासा, एजेंसी।** सदर अस्पताल, चाईबासा में एचआईवी संक्रमित पाए गए छह थैलीसीमिया बच्चों के रक्त की दोबारा जांच कराई जाएगी। उपायुक्त चंदन कुमार ने इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।मामला तब प्रकाश में आया जब थैलीसीमिया से ग्रसित एक बच्चे को कथित रूप से एचआईवी पॉजिटिव रक्त चढ़ाए जाने की बात सामने आई। इस गंभीर आरोप के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया और पूरे प्रकरण की जांच शुरू की गई।शनिवार को झारखंड स्वास्थ्य सेवा के निदेशक डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में पांच सदस्यीय जांच समिति चाईबासा पहुंची। जांच टीम ने उपायुक्त से मुलाकात कर अब तक की जानकारी साझा की। बताया कि यहां 56 थैलीसीमिया बच्चे हैं, इनमें से 6 बच्चे एचआइवी पॉजिटिव हैं।

### गाजा में इस्राइल का हवाई हमला, इस्लामिक जिहाद सदस्य को बनाया निशाना; चार घायल



**गाजा, एजेंसी।** गाजा पट्टी में इस्राइल ने नुसेरात इलाके में हवाई हमला किया, जिसमें इस्लामिक जिहाद संगठन के एक सदस्य को निशाना बनाया गया। यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की मध्यस्थता से हुआ संघर्षविराम अब भी प्रभावी था। इस्राइली सेना ने अपने बयान में कहा कि उसने यह कार्रवाई एक सटीक और योजनाबद्ध स्ट्राइक के तहत की।सेना ने बयान में कहा कुछ देर पहले आईडीएफ (इस्राइली डिफेंस फोर्स) ने नुसेरात इलाके में एक इस्लामिक जिहाद आतंकवादी को निशाना बनाया, जो हमारे सैनिकों पर आसन्न हमला करने की योजना बना रहा था।हमास-शासित क्षेत्र में स्थित अल-अवदा अस्पताल ने बताया कि नुसेरात कैंप में हुए हमले के बाद चार घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल प्रशासन ने बयान जारी कर कहा अल-अहली क्लब क्षेत्र में एक नागरिक कार को निशाना बनाए जाने के बाद चार लोग घायल हुए हैं।

### पाकिस्तान में बड़ा आतंकी हमला नाकाम, खैबर पख्तूनख्वा में तीन आतंकियों को किया ढेर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के उत्तर वजीरिस्तान जिले में एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम कर दिया। सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि इस दौरान सुरक्षा बलों ने तीन आतंकियों को ढेर कर दिया और आत्मघाती हमले की तैयारी में लगे वाहन को भी नष्ट कर दिया। यह इंटेलिजेंस बेस्ड ऑपरेशन जिले के झल्लर इलाके में चलाया गया था। सेना को खुफिया जानकारी मिली थी कि 'फितना अल-खवारिज' संगठन के आतंकी एक बड़े आत्मघाती हमले की साजिश रच रहे हैं।बयान में कहा गया कि सुरक्षा बलों ने समय रहते कार्रवाई करते हुए उन आतंकियों को निशाना बनाया और विस्फोटक से भरे वाहन को उड़ाकर एक संभावित विनाशकारी हमले को टाल दिया।

# शहाबुद्दीन के सीवान की आठ सीटें बनीं हॉट

## सेंध के लिए भाजपा ने मंगल पाण्डे को उतारा

**पटना, एजेंसी।** बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अब से चंद दिनों बाद वोटिंग है। हर तरह माहौल चुनावी है। छठ पूजा में भी चुनाव का असर दिख रहा है, लेकिन, जिले की सभी आठ सीटों पर लड़ाई काफी दिलचस्प है। लंबे समय तक सीवान की पहचान रहे पूर्व सांसद मोहम्मद शहाबुद्दीन की अनुपस्थिति में यहां पहली बार विधानसभा चुनाव हो रहा है। कोरोना काल में मई 2021 में शहाबुद्दीन का निधन हो गया था। इस चुनाव में उनके बेटे ओसामा सीवान के रघुनाथपुर सीटे से चुनावी मैदान में हैं।

दरअसल, सीवान जिले की पहचान एक डॉलर इकोनॉमी वाले क्षेत्र की है। बड़ी संख्या में यहां के लोग विदेश खासकर खाड़ी के देशों में नौकरी करते हैं। इस कारण इस जिले की आर्थिक स्थिति बिहार के अन्य जिलों की तुलना में काफी बेहतर है। सीवान शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों में आपको इस समृद्धि की झलक दिख जाएगी। शहर की इस समृद्धि का असर राजनीति और अपराध की दुनिया में भी दिखता है। कभी देश के प्रथम राष्ट्रपति रहे राजेंद्र प्रसाद, मौलाना मजरूल हक और डॉ। सैय्यद मोहम्मद जैसे स्वतंत्रता सेनानियों की जन्म धरती के रूप में पहचाने जाने वाले इस जिले की आधुनिक पहचान अपराध, पैसा और बाहुबल है। जिले में विधानसभा की आठ सीटें हैं। इसमें से छह सीटें सीवान लोकसभा क्षेत्र और दो सीटें महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में पड़ती हैं। बीते 2020 के विधानसभा चुनाव में इस पूरे इलाके पर राजद का प्रभाव देखा गया था।




### सीवान सदर सीट पर लड़ाई दिलचस्प

जिले की सीवान सदर सीट पर लड़ाई दिलचस्प है। यह एक हाईप्रोफाइल सीट बन गई है क्योंकि यहां से भाजपा के बड़े नेता मंगल पांडे और राजद के सीनियर नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष अवध बिहारी चौधरी के बीच सीधा मुकाबला है। भाजपा ने यह इस सीट पर अपने उम्मीदवार को बदला है। बीते चुनाव में यहां से भाजपा के टिकट पर ओमप्रकाश यादव मैदान में थे लेकिन वह मामूली अंतर से चुनाव हार गए। इस बार भाजपा ने उनका टिकट काटकर मंगल पांडे को मैदान में उतारा है। लेकिन, मंगल पांडे के लिए यह लड़ाई सहज नहीं दिख रही।

### तेजस्वी का ऐलान-

## चुनाव जीते तो पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन देंगे

**पटना, एजेंसी।** आगामी चुनाव को देखते हुए तेजस्वी यादव लगातार घोषणाएं कर रहे हैं। माई-बहिन मान योजना, हर घर नौकरी, जीविका और संविदाकर्मियों को राज्यकर्मी का दर्जा देने के बाद अब तेजस्वी यादव ने छोटे कामगारों के लिए बड़ा एलान किया है। उन्होंने रविवार सुबह पोलो रोड स्थित आवास पर प्रेस वार्ता की।



तेजस्वी यादव ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनते ही त्रिस्तरीय पंचायत प्रतिनिधियों और ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों का मानदेय भत्ता दोगुना होगा। पंचायत और ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों को पेंशन देने की शुरुआत की जाएगी। अन्य राज्यों में यह प्रावधान है। इसलिए अब बिहार में भी किया जाएगा। पंचायत और ग्राम कचहरी प्रतिनिधियों का 50 लाख का बीमा करवाया जाएगा। जन वितरण प्रणाली के वितरकों के मानदेय को दिया जाएगा और प्रति क्विंटल मिलने वाली मार्जिन मनी को बढ़ाया जाएगा। अनुकंपा में लागू 58 साल की बाध्यता को लागू करेंगे।

### बिहार चुनाव से पहले बागियों पर सख्त हुई जेडीयू, पूर्व मंत्री-विधायक सहित 11 नेताओं को दिखाया बाहर का रास्ता

बिहार चुनाव को कुछ ही दिन बचे हैं और इस बीच मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी ने बागियों पर सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। नीतीश की जेडीयू ने पार्टी से बगावत करने वाले 11 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया है। खास बात यह है कि जिन नेताओं पर एक्शन लिया गया है, उनमें पूर्व मंत्री और विधायक भी शामिल हैं।जिन नेताओं को पार्टी से निकाला गया है उनमें मुंगेर से आने वाले पूर्व मंत्री शैलेश कुमार, जमुई से आने वाले पूर्व विधायक संजय प्रसाद, सीवान से आने वाले पूर्व एमएलसी श्याम बहादुर सिंह, भोजपुर से ताल्लुक रखने वाले रणविजय सिंह, शेखपुरा के सुदर्शन कुमार, बेगुसराय के अमर कुमार सिंह, वैशाली आसमा परवीन, औरंगाबाद के लव कुमार, कटिहार की आशा सुमन, मोतिहारी के दिव्यांशु भारद्वाज और सीवान के विवेक शुक्ला शामिल हैं।

### सीबीआई को मिली बड़ी सफलता

## अमेरिका से वापस लाया गया लॉरेंस गैंग का भगोड़ा गैंगस्टर लखविंदर कुमार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सीबीआई ने विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय के सहयोग से बड़ी कार्रवाई करते हुए लॉरेंस विश्नोई गैंग के वांछित अपराधी लखविंदर कुमार अमेरिका से भारत वापस लाने में सफलता हासिल की। यह कार्रवाई भारत की अंतरराष्ट्रीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मजबूत समन्वय क्षमता और अपराधियों को न्याय के दायरे में लाने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



वांछित अपराधी लखविंदर कुमार कई गंभीर मामलों में वांछित था। हरियाणा में उसके खिलाफ वसूली, धमकाने, गैरकानूनी हथियार रखने और हत्या के प्रयास समेत कई गंभीर अपराधों में मामले दर्ज है। वह कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जुड़ा हुआ बताया जाता है।सीबीआई ने हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर 26 अक्टूबर 2024 को इंटरपोल के जरिए लखविंदर कुमार के खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया था।

इसके बाद अमेरिकी एजेंसियों की मदद से उसे पकड़ा गया और 25 अक्टूबर 2025 को भारत वापस लाया गया। दिल्ली एयरपोर्ट पर हरियाणा पुलिस की टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

सीबीआई ने हरियाणा पुलिस के अनुरोध पर 26 अक्टूबर 2024 को इंटरपोल के माध्यम से लखविंदर कुमार के खिलाफ रेड नोटिस जारी करवाया था।

इसके बाद अमेरिकी अधिकारियों के सहयोग से उसे गिरफ्तार किया गया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के पश्चात उसे भारत प्रत्यर्पित किया गया। भगोड़ा लखविंदर कुमार शनिवार को भारत पहुंचा, जहां दिल्ली हवाई अड्डे पर हरियाणा पुलिस की एक विशेष टीम ने उसे हिरासत में ले लिया।

## डॉक्टर आत्महत्या मामले में मुख्य आरोपी सब-इंस्पेक्टर गिरफ्तार

### महिला ने हथेली पर आरोपी का नाम लिख दी थी जान

**पुणे/सतारा, एजेंसी**

महाराष्ट्र के सातारा में महिला डॉक्टर सुसाइड केस में पुलिस ने मुख्य आरोपी और निलंबित पुलिस उपनिरीक्षक गोपाल बदने को गिरफ्तार कर लिया गया है। सतारा जिला पुलिस अधीक्षक तुषार दोशी ने बताया कि आरोपी बदने ने सतारा पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था। इस मामले में यह दूसरी गिरफ्तारी है। इससे पहले पुलिस ने सॉफ्टवेयर इंजीनियर और सह आरोपी प्रशांत बांकर को गिरफ्तार किया था।



#### हथेली पर लिखा था सुसाइड नोट

बता दें कि सातारा जिले में 28 वर्षीय महिला डॉक्टर का शव गुरुवार रात एक होटल के कमरे में फंदे से लटका मिला पाया गया था। मृतका बीड जिले की रहने वाली और फलटण के एक सरकारी अस्पताल में तैनात थी। मरने से पहले महिला डॉक्टर ने अपनी हथेली पर सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने आरोप लगाया है कि सब-इंस्पेक्टर गोपाल बदने ने उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया, जबकि सॉफ्टवेयर इंजीनियर प्रशांत बनकर ने उसे मानसिक रूप से परेशान किया था।

## अमेरिका की लिंकन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी, कई लोग घायल; हमलावर की तलाश जारी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के पेंसिल्वेनिया में ऑक्सोर्ड के पास लिंकन यूनिवर्सिटी में शनिवार शाम ताबड़तोड़ गोलियां चली। जानकारी के अनुसार, यह गोलीबारी उस वक्त हुई, जब लोग अपने घर वापस जा रहे थे। इस गोलीबारी में कम से कम चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।



लिंकन यूनिवर्सिटी में गोलीबारी शनिवार रात 9 बजे के करीब की बताई जा रही है। इस घटना के तुरंत बाद पुलिस ने 9:15 पर कार्रवाई की। गोलीबारी की खबर के बाद लोग सोशल मीडिया पर चिंताए व्यक्त कर रहे हैं।

लिंकन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी को लेकर चेस्टर काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी कार्यालय ने एक बयान जारी कर कहा कि लिंकन विश्वविद्यालय में आज शाम हुई गोलीबारी की घटना की जानकारी है, जिसमें कई लोग घायल हुए हैं। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है और सक्रिय रूप से जांच कर रही है। कृपया इस समय उस क्षेत्र में जाने से बचें।

सीबीएस न्यूज फिलाडेल्फिया ने सूत्रों के हवाले से बताया कि शुरुआती रिपोर्टों में दावा किया गया था कि होमकमिंग टेलगेट और यार्डफेस्ट कार्यक्रम के दौरान कैंपस में कम से कम एक व्यक्ति को गोली मारी गई। हालांकि, एबीसी6 एक्शन न्यूज ने बताया कि कई लोगों को गोली मारी गई थी, और कम से कम चार लोगों को गोलियां लगी थीं और उनकी हालत अलग-अलग थी। उन्हें इलाज के लिए क्रिस्टियाना अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका उपचार चल रहा है। पेन्सिलवेनिया के चेस्टर काउंटी स्थित लिंकन विश्वविद्यालय में हुई गोलीबारी में कई लोगों को गोली लगने की खबर है।

### विमान के महंगे टिकट पर आस्था की उड़ान भारी

## 50-60 फीसदी ज्यादा किराया, फिर भी बिहार जाने वाली सारी फ्लाइट फुल



**नई दिल्ली, एजेंसी**

सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर बिहार जाने वाली सारी फ्लाइट फुल हो गई हैं। 50 से 60% महंगे किराए के बावजूद हजारों प्रवासियों ने आस्था को प्राथमिकता दी है। ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट भी खत्म हो गई है जबकि बस संचालक छठ पर बिहार जाने

ट्रैवल पोर्टल्स और एयरलाइंस के आंकड़ों के अनुसार, सामान्य दिनों में जहां दिल्ली-पटना का एक ओर का किराया 4,000 से 6,000 रुपये के बीच रहता है, वहीं 25 से 27 अक्तूबर के लिए यह 8,000 से 10,000 रुपये तक पहुंच गया है। दिल्ली-दरभंगा रूट पर किराया 13,000 रुपये और दिल्ली-गया पर 12,000 रुपये के आसपास है। लास्ट-मिनट की बुकिंग की कीमतें और भी ज्यादा हैं।

छठ महापर्व पर दिल्ली, मुंबई, कोलकाता और अन्य महानगरों में रहने वाले लाखों बिहारी प्रवासी त्योहार मनाने के लिए गांव लौटते हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि त्योहारों के मौसम में मांग, आपूर्ति के असंतुलन से एयरलाइंस डायनामिक प्राइसिंग मॉडल अपनाती हैं, जिससे किराये में अचानक उछाल आता है। इंडिगो, स्पाइसजेट और एयर इंडिया जैसी प्रमुख एयरलाइंस ने इन रूट्स पर अतिरिक्त फ्लाइट्स जोड़ी हैं। सीटें बढ़ने के बावजूद किराया कम नहीं हुआ है।

#### पिछले सप्ताह से बुकिंग्स में 200 फीसदी की बढ़ोतरी

निजी ट्रैवल पोर्टल्स के डेटा से पता चलता है कि पिछले हफ्ते बुकिंग्स में 200% फीकी बढ़ोतरी हुई है। मूल रूप से पटना निवासी दिल्ली में नौकरीपेशा राजेश कुमार ने बताया कि पिछले साल 5,500 रुपये में टिकट मिल गया था, लेकिन इस बार 9,800 रुपये देने पड़े। परिवार के साथ जाना है, मजबूरी है।सामान्य दिनों में किराया 1,000 से 2,000 रुपये के बीच रहता है लेकिन छठ पर यह बढ़कर 1,500 से 4,000 रुपये हो गया है। दिल्ली-दरभंगा रूट पर नॉन-एसी बसों का किराया 1,000-1,500 रुपये होता है, लेकिन त्योहारी भीड़ में यह 2,599-4,999 रुपये तक पहुंच गया है।

### स्मृति शेष

### सतीश शाह ने मौत से पहले पहले सचिन पिलगांवकर को किया था मैसेज

## बीमार पत्नी की कर रहे थे देखरेख, खुद का कराया था किडनी ट्रांसप्लांट

**मुंबई, एजेंसी।** एक्टर सचिन पिलगांवकर ने दिवंगत अभिनेता और अच्छे दोस्त सतीश शाह के निधन पर शोक जताया है और एक चौंकाने वाली बात बताई है। उनके मुताबिक, पत्नी मधु को अल्जाइमर है और उनकी ही देखरेख के लिए एक्टर ने अपनी उम्र बढ़ाई थी। किडनी ट्रांसप्लांट करवाया था। बाईपास सर्जरी भी हुई थी, जो सफल रही थी।

पंकज धीर, असरानी, ऋषभ टंडन, मधुमति और अब सतीश शाह। 10 दिन के अंदर बॉलीवुड की इन हस्तियों का जाना, हर किसी के लिए शॉकिंग है। 74 की उम्र में मैं हू ना एक्टर ने अंतिम सांस ली। 25 अक्टूबर की दोपहर करीब 1:30 बजे घर पर उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, जिसके बाद उन्हें हिंदुजा अस्पताल ले जाया गया। वहां किडनी फेल होने के कारण उनका निधन हो गया। अस्पताल की तरफ से जारी बयान में बताया गया है कि एक्टर अपने आवास पर ही बेहोश हो गए थे, जिसके बाद इमरजेंसी कॉल आया था। फिर टीम पहुंची और एंबुलेंस में ही उनको सीपीआरदेने की कोशिश की गई थी। लेकिन तमाम प्रयासों के बाद उन्हें नहीं बचाया जा सका। वहीं, सचिन पिलगांवकर ने एक्टर से जुड़ी एक चौंकाने वाली बात बताई है।

#### निधन से आधे घंटे पहले सचिन और सतीश शाह की बात

सचिन ने बताया, सुप्रिया अभी तीन दिन पहले ही सतीश और मधु से मिलने गई थी। मैं शूटिंग की वजह से नहीं जा सका। उन्होंने कुछ म्यूजिक भी बजाया था, जिस पर सुप्रिया और मधु ने डांस किया था। धु को याद आया कि वो कैसे चा-चा-चा डांस करती थी। सतीश और मैं लगातार मैसेज पर बात करते रहते थे। दरअसल, आज (25 अक्टूबर) दोपहर 12:56 बजे मुझे उनका एक मैसेज मिला, यानी उस समय भी वो बिल्कुल ठीक थे।



सचिन पिलगांवकर से सतीश शाह की पहली मुलाकात पहली मराठी फिल्म गम्मत जमात के सेट पर हुई थी, यहीं से इनकी दोस्ती हुई। उन्होंनेबताया, गम्मत जमात उनकी पहली मराठी फिल्म थी। हमें साथ आने के लिए एक वजह चाहिए थी और 1987 की यह फिल्म बस यही थी। उसके बाद हमने कभी साथ काम नहीं किया। लेकिन उस फिल्म के सेट पर हम अच्छे दोस्त बन गए।

#### सतीश शाह और सचिन पिलगांवकर की दोस्ती

सचिन पिलगांवकर ने आगे बताया, सतीश, उनकी पत्नी मधु, सुप्रिया और मैं बहुत करीब आ गए। और जल्द ही, मैं-सुप्रिया, सतीश-मधु, अशोक सराफ-उनकी पत्नी और लक्ष्मीकांत बेर्डे-उनकी पत्नी एक ग्रुप बन गए। ये चारों कपल महीने में कम से कम दो या तीन बार मिलने आते थे। हैरानी की बात यह है कि गम्मत जमात के बाद सतीश और मैंने कभी साथ काम नहीं किया, लेकिन इसने हमें करीबी दोस्त बनने से नहीं रोका।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **संपादक राजेश सिरोठिया**
**स्थानीय संपादक अनिल शर्मा*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-7963564